RNI : CHHHIN/2022/83766 | ■ वर्ष : 03, अंक : 311 ■ गरियाबंद से प्रकाशित ■ मंगलवार, 05 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ : 08 ■ मूल्य : 3 रुपए | www.gangaprakash.com

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# गंगा प्रकाश

संपादक : प्रकाश कुमार यादव

प्रबंध संपादक : रज्जू बंजारे



**मनोरंजन 07**

आलिया भट्ट की इस फिल्म ने जीते थे 5 नेशनल अवॉर्ड्स



**आंचलिक 03**

सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति अभियान को मिली नई गति: गरियाबंद में...

**खेल 06**

रविंद्र जडेजा इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय की लिस्ट में नंबर-3




दैनिक समाचार पत्र गंगा प्रकाश को पत्रकारो की आवश्यकता है।

इच्छूक व्यक्ति संपर्क करें :- 8878098815 9770269285

## संक्षिप्त समाचार

### बुलंदशहर में संदिग्ध युवकों ने युवक की गोली मारकर की हत्या

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में हत्या की घटना से इलाके में दहशत है। थाना औरंगाबाद क्षेत्र के गांव दौलताबाद में बीती रात एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई। इस वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 4 टीमें गठित की हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दौलताबाद गांव में अपने दोस्त जितेंद्र के साथ घर लौट रहे संजय ने रास्ते में घूम रहे दो संदिग्ध युवकों को टोका था। उसी बात पर विवाद हुआ और फिर एक युवक ने पिस्टल निकालकर संजय पर फायर कर दिया। इस हमले में संजय की मौत हो गई। बताया जाता है कि संजय गांव में अपनी मां के साथ रह रहा था, जबकि उसकी पत्नी और बच्चे गाजियाबाद में रहते हैं। इस घटना से गांव के लोग दहशत में आ गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल से पिस्टल और कारतूस का खोखा बरामद किया। साथ ही, शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि संदिग्ध युवकों ने संजय के सिर में गोली मारी थी। उनके परिजन और स्थानीय लोग संजय को अस्पताल लेकर गए, लेकिन वहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### मंगोलपुरी में फायरिंग, 98 हजार रुपए और स्कूटी लेकर फरार हुए बदमाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में फायरिंग और लूट की वारदात को बदमाशों ने अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, करीब आधा दर्जन यानी छह हथियारबंद बदमाशों ने इलाके में ताबड़तोड़ फायरिंग की। पुलिस तहकीकात कर रही है कि गोलीबारी की असल वजह क्या थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बदमाशों ने पहले इलाके में डर फैलाने के लिए गोलियां चलाईं। इसके बाद उन्होंने एक व्यक्ति से 98 हजार रुपए नकद और एक स्कूटी लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की वारदात से इलाके में सुरक्षा को लेकर डर बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी।

### महाराष्ट्र में फर्जी करेंसी रैकेट का पर्दाफाश, 60 लाख के नोट जब्त

**अहिल्या।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नोटों की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 60 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किए हैं और इस मामले में 7 लोगों को हिरासत में भी लिया है। अहिल्यानगर तालुका पुलिस ने ये कार्रवाई छत्रपति संभाजीनगर में की है। यहां नकली नोट छापने वाली एक फैक्ट्री चल रही थी। पुलिस की कार्रवाई में 500 की करेंसी वाले 60 लाख रुपए के नकली नोट और 2 करोड़ 16 लाख रुपए के नोट छापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कागज बरामद किए हैं।

## शिबू सोरेन के निधन पर तीन दिन का राजकीय शोक

# पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन गांव नेमरा में होगा अंतिम संस्कार

नई दिल्ली/रांची। एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। उनके निधन की पुष्टि उनके बेटे और झारखंड के मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। अपने शोक संदेश में उन्होंने लिखा, आज मैं अंदर से टूट गया हूँ। 'दिशोम गुरु' के नाम से पहचाने जाने वाले शिबू सोरेन बीते कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे और वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। उनके निधन की खबर से झारखंड सहित पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। शिबू सोरेन झारखंड राज्य की स्थापना के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले नेताओं में से एक रहे। उन्होंने तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में और केंद्र में कोयला मंत्री जैसे प्रमुख पदों पर कार्य किया। वे जीवन भर आदिवासी अधिकारों और उनकी पहचान की लड़ाई लड़ते रहे, जिस कारण उन्हें झारखंड की आत्मा और 'जनजातीय चेतना के प्रहरीकी उपाधियाँ मिलीं। अपने पिता की मृत्यु पर भावुक प्रतिक्रिया देते हुए हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा: मेरे जीवन का सबसे पीड़ादायक क्षण है यह। पिताजी मेरे मार्गदर्शक और



प्रेरणा थे। आज झारखंड की आत्मा हमसे विदा हो गई है। झारखंड सरकार ने दिवंगत नेता के सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोककी घोषणा की है। शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर रांची लाया जाएगा, जहां आम जनता के दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। झामुमो कार्यकर्ता और आम जनता बड़ी संख्या में अंतिम दर्शन के लिए जुटने की संभावना है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत तमाम बड़े नेताओं और सामाजिक संगठनों ने शिबू सोरेन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। देश के कोने-कोने से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिबू सोरेन के निधन की सूचना मिलने पर दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचे। पीएम मोदी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री के परिजनों को सांत्वना देते हुए दिवंगत सांसद को श्रद्धांजलि भी दी। शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। झारखंड के पैतृक गांव में कल दोपहर उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो जाएगा। दोपहर करीब तीन बजे उन्हें मुखाग्नि दी जाएगी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज शाम छह बजे झारखंड लाया जाएगा। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को उनका पार्थिव शरीर सबसे पहले रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर लाया जाएगा। मंगलवार सुबह झामुमो के पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को झारखंड विधानसभा ले जाया जाएगा। जहां जनप्रतिनिधि और अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झारखंड के अपने पूर्व समकक्ष को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पड़ोसी राज्य की राजनीति में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। उन्होंने 'ङ्ग' पर लिखा, 'झारखंड की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण योगदान स्मरणीय है। उनके निधन से न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिवार एवं प्रशंसकों को इस दु:ख की घड़ी को धैर्यपूर्वक सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

### पीएम मोदी ने अस्पताल में किए शिबू सोरेन के अंतिम दर्शन, हेमंत को गले लगाकर बंधाया ढांढस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को आज नई दिल्ली स्थित सर गंगा राम अस्पताल में श्रद्धांजलि अर्पित की, जहाँ उनका निधन हो गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन का लंबी बीमारी के बाद 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दिल्ली स्थित अस्पताल पहुँचे प्रधानमंत्री मोदी ने उनके परिवार के साथ तस्वीरें साझा कीं। एक्स पर साझा की गई एक तस्वीर में प्रधानमंत्री शिबू सोरेन के बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सांत्वना देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो भावुक हो गए थे। मोदी ने एक्स पर लिखा कि श्री शिबू सोरेन जी को श्रद्धांजलि देने के लिए सर गंगा राम अस्पताल गया। उनके परिवार से भी मिला। मेरी संवेदनाएं हेमंत जी, कल्पना जी और श्री शिबू सोरेन जी के प्रशंसकों के साथ हैं। इससे पहले आज, प्रधानमंत्री मोदी ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया और आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के उनके जुनून की सराहना की। ङ्ग पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, श्री शिबू सोरेन जी एक ज़मीनी नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में तरक्की की। वे आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से समर्पित थे।

## सीएम नीतीश कुमार का ऐलान

# बिहार में शिक्षक बहाली में लागू होगी डोमिसाइल पॉलिसी-सीएम

पटना/ एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक बड़े नीतिगत बदलाव की घोषणा की जिसका उद्देश्य भविष्य में शिक्षक भर्ती में राज्य के निवासियों को प्राथमिकता देना है। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। नीतीश ने ङ्ग पर एक पोस्ट में कहा नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से, हम शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा विभाग को शिक्षक नियुक्तियों में बिहार के निवासियों को वरीयता देने के लिए संबंधित नियमों में संशोधन करने



के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लिखा, यह टीआरई-4 से लागू होगा। टीआरई-4 वर्ष 2025 में और टीआरई-5 वर्ष 2026 में आयोजित किया जाएगा। नीतीश ने यह भी पुष्टि की कि एसटीईटी परीक्षा टीआरई-5 से पहले आयोजित की जाएगी। यह घोषणा राज्य द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत लगभग 1.86 करोड़ उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करने की योजना को लागू करने के एक महीने से भी कम समय बाद आई है। इससे पहले नीतीश कुमार सरकार ने शुक्रवार को सरकारी स्कूलों में कार्यरत रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय दोगुना कर दिया। यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब राज्य में विधानसभा चुनाव होने में कुछ महीने शेष हैं। मुख्यमंत्री कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखते हुए हमने उनके मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसे दोगुना करने का निर्णय लिया है।

### राजा रघुवंशी मर्डर केस : अब मृतक के भाई पर लगे गंभीर आरोप

**इंदौर।** मेघालय हनीमून मर्डर केस से सुर्खियों में आया इंदौर का रघुवंशी परिवार एक बार फिर नए विवादों में घिर गया है। मृतक राजा रघुवंशी के बड़े भाई सचिन रघुवंशी की पत्नी होने का दावा करने वाली एक महिला ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए सचिन को अपने बेटे का जैविक पिता बताया है। अपने दावे को पुख्ता करने के लिए महिला ने एक कथित डीएनए रिपोर्ट भी सार्वजनिक की है, जिससे इस हाई-प्रोफाइल मामले में एक नया मोड़ आ गया है। महिला ने 1 अगस्त को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि सचिन रघुवंशी ही उसके बेटे का पिता है। और डीएनए टेस्ट से इसकी पुष्टि हो चुकी है। महिला ने दावा किया कि सचिन ने उससे एक मंदिर में पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी की थी, जिसके वीडियो और तस्वीरें भी उसके पास मौजूद हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महिला ने यह तस्वीरें मीडिया को भी दिखाईं।

## चीनी कब्जे वाले बयान पर राहुल से 'सुप्रीम' सवाल

# सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते,आपको पता कैसे चला...

नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय सेना पर टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है? सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचने की नसीहत देते हुए कहा, 'आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं। बता दें कि सेना पर टिप्पणी करने के इस मामले में समन के खिलाफ राहुल गांधी ने



सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस दौरान राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। अभिषेक सिंघवी ने कहा, 'अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते।

' पीठ की सच्चे भारतीय टिप्पणी पर अभिषेक सिंघवी ने जवाब दिया, 'यह भी संभव है कि एक सच्चा भारतीय कहे कि हमारे 20 भारतीय सैनिकों को पीटा गया और मार डाला गया। यह भी चिंता का विषय है।' इसके बाद शीर्ष अदालत ने कहा, 'जब सीमा पार संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य है?' इस पर अभिषेक सिंघवी ने कहा कि राहुल गांधी केवल उचित जानकारी देने और सूचना के दमन पर चिंता जताने की बात कर रहे थे। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष नेता होने के नाते, राहुल गांधी को ऐसा नहीं करना चाहिए था क्योंकि ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उचित मंच मौजूद था।

## ओबीसी आरक्षण विधेयक को मंजूरी की मांग

# 72 घंटे की भूख हड़ताल पर बैठीं के कविता........

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के कविता ने सोमवार को हैदराबाद के धरना चौक पर 72 घंटे की भूख हड़ताल शुरू की। उन्होंने तेलंगाना ओबीसी आरक्षण विधेयक को तत्काल पारित करने की मांग की, जो सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्गों (बीसी) को 42त्न आरक्षण देता है। अपनी भूख हड़ताल से पहले एएनआई से बात करते हुए, कविता ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर तेलंगाना के ओबीसी के भाग्य से खेलने का आरोप लगाया।के कविता



ने कहा कि हमने 72 घंटे की भूख हड़ताल शुरू कर दी है और मांग कर रही हैं कि ओबीसी के लिए 42त्न आरक्षण की गारंटी देने वाला तेलंगाना ओबीसी विधेयक, जो राष्ट्रपति के पास लंबित है, को तुरंत मंजूरी दी जाए।



उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के गरथा गांव में यमुना नदी के पानी से घिरे क्षेत्र में लोग।

## रक्षाबंधन पर योगी का बहनों को तोहफा

# तीन दिनों तक पूरी तरह से मुफ्त रहेगी बस यात्रा-योगी

लखनऊ/ एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाढ़ राहत कार्य में लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि बाढ़ शरणालय में महिला सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाए। वहीं बच्चों के लिए दूध उपलब्ध कराने और रेस्क्यू कार्य में छोटी-मझली नाव का प्रयोग न करने के सख्त हिदायत भी दी। वह रविवार को अपने सरकारी आवास पर बाढ़ग्रस्त इलाकों में राहत कार्य की समीक्षा कर रहे थे। सीएम ने कहा कि क्षति ग्रस्त मकानों का तत्काल सर्वे कर प्रभावित लोगों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास व जमीन का पट्टा उपलब्ध कराया जाए। बाढ़ प्रभावित इलाकों में जिन चीजों की आवश्यकता हो, उसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को तत्काल बताएं ताकि उन चीजों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। वाले बच्चों के लिए दूध की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कोई भी व्यक्ति जर्जर भवन में न रहे, उसे बिना देर किये बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया जाए। सीएम ने रक्षाबंधन के अवसर पर आगामी 8 अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक यूपीएसआरटीसी व नगरीय बस सेवा की बसों में माताओं-बहनों को नि:शुल्क यात्रा की घोषणा करने के साथ पर्याप्त



### पेयरिंग में गड़बड़ी करने वालों पर करें कार्रवाई

सीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मानक के अनुरूप ही स्कूलों की पेयरिंग की जाए। इस कार्य में अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार तय रेट पर फर्टिलाइजर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

मात्रा में बसें संचालित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकली जाए। स्कूल, कॉलेजों,डिग्री कॉलेजों व अन्य संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित करें। आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य रूप से सभी जगह तिरंगा फहराया जाए तथा राष्ट्रगान गया जाए। हर घर तिरंगा अभियान

## गंगा का रौद्र रूप...

# मणिकर्णिका घाट पर शवों की कतार..पहली बार नमो घाट बंद,वरुणा-गोमती भी उफनाई

वाराणसी/ एजेंसी

वाराणसी में गंगा का जलस्तर रविवार को खतरे के निशान से 57 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। इससे बाढ़ का संकट और गहरा गया है। पहली बार नमो घाट को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। घाट पर बना आकर्षक नमस्ते संरचना अब पूरी तरह से डूबने की कगार पर है इसलिए पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही रोक दी गई है। इससे पहले नमो घाट पर बाढ़ का पानी इतना नहीं आया था। वहीं, जलस्तर इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि शीतला घाट की सड़क पर पानी पहुंच गया है। अस्सी घाट की सड़कों पर जलभराव है। सामने घाट की सड़क पर बाढ़ का पानी आ गया है। बाढ़ का पानी बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर से महज 800 मीटर दूर है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की सीढ़ियों की तरफ भी गंगा का पानी तेजी से बढ़ रहा है। शाम तक गंगा द्वार की 13 सीढ़ियां ही बची थीं। अगर जलस्तर बढ़ने का यही सिलसिला रहा तो सोमवार को गंगा द्वार की कुछ और सीढ़ियां डूब सकती हैं। जिला प्रशासन के मुताबिक, वाराणसी के 44 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इस कारण 1410 परिवारों को घर छोड़ना पड़ा



है। 6244 किसानों की 1721 एकड़ फसल डूब गई है। इसी तरह शहरी क्षेत्र के 24 मोहल्ले भी बाढ़ से प्रभावित हैं। इन मोहल्लों में रहने वाले 6376 लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। सड़कों पर पानी भर गया है। इससे आना-जाना बंद हो गया है। सबको बाढ़ राहत शिविर में जगह लेनी पड़ी है। गंगा जलस्तर दो सेंटी मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। पलट प्रवाह से वरुणा, नाद और गोमती नदी भी उफनाई हैं। इसका असर आबादी क्षेत्रों में दिख रहा है। काशी के 84 घाटों को डुबोने के बाद गंगा शहर की ओर बढ़ चुकी हैं। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार सुबह गंगा का जलस्तर खतरे के निशान 71.26 मीटर से 57 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। सोमवार सुबह गंगा का जलस्तर 72.03 मीटर से बह रहा है। गंगा के जलस्तर में हर घंटे दो सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो रही है। रविवार की सुबह गंगा का जलस्तर 71.56 मीटर दर्ज किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु आवेदन अब 13 अगस्त तक

**गंगा प्रकाश** कोंडागांव, 04 अगस्त 2025/ कोण्डागांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित थी, जिसमें वृद्धि करते हुए 13 अगस्त की गई है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय पूर्णतः पाठ्य सहगामी आवासीय विद्यालय है। प्रतिवर्ष की भाँति कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु वर्तमान सत्र 2025-26 में पांचवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित की जाएगी। उक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की वेबसाइट httpsÑ//cbseitms.rcil.gov.in/nvs के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली

**कोंडागांव।** जिले से एक बड़ी और दिल दहला देने वाली खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। जवान के आत्महत्या करने की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। आला अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं और जवान ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, आत्महत्या करने वाले जवान की पहचान प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल के रूप में हुई है। दिनेश सिंह बयानार छ्स्न कैंप में पदस्थ था। आज सुबह जवान के कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आस-पास मौजूद अन्य जवानों ने जब वहां पहुंचकर देखा तो दिनेश सिंह की मौत हो चुकी थी। दिनेश सिंह ने अपनी सर्विस रायफ्ल से खुद को गोली मारी है। वहीं जवान दिनेश सिंह चंदेल की आत्महत्या की खबर आग की तरह पूरे कैंप में फै़ल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आला अधिकारी जांच में जुट गए हैं और जवान की आत्महत्या का कारण ढूंढने में लगे हुए हैं।

### थानखम्हरिया में लिंक कोर्ट के संचालन में आंशिक संशोधन, अब प्रत्येक गुरुवार और शुक्रवार को होगा आयोजित

**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** जनसुविधा एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तहसील थानखम्हरिया में संचालित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा की लिंक कोर्ट के संचालन दिवसों में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में यह लिंक कोर्ट सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को आयोजित की जाती थी। संशोधित व्यवस्था के अनुसार अब यह लिंक कोर्ट माह के प्रत्येक गुरुवार एवं शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। यह परिवर्तन नागरिकों की सुविधा, न्याय प्रक्रिया की सहजता तथा प्रशासनिक कार्यों के बेहतर संचालन को दृष्टिगत रखते हुए किया गया है। उल्लेखनीय है कि लिंक कोर्ट के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्र के नागरिकों को न्यायिक एवं राजस्व संबंधी सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो जाती हैं, जिससे उन्हें मुख्यालय तक बार-बार न जाकर अपने कार्य समयबद्ध रूप से निपटाने की सुविधा मिलती है। जिला प्रशासन ने संशोधित तिथि की जानकारी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो और न्यायिक कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### लाईवलीहुड कॉलेज बेमेतरा में प्रशिक्षण संचालन हेतु चैनल पार्टनर चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज बेमेतरा द्वारा जिले में विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण



संचालन के लिए योग्य एवं इच्छुक संस्थाओं से चैनल पार्टनर चयन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत कुल 12 प्रमुख सेक्टरों ङ्क कृषि, ऑटोमोटिव, रिटेल, पर्यटन एवं आतिथ्य, निर्माण, प्लंबिंग, आईटी-आईटीईएस, मीडिया, सुरक्षा, ग्रीन जॉब्स, स्वास्थ्य देखभाल तथा प्रबंधन, उद्यमिता एवं प्रोफेशनल ङ्क में प्रशिक्षण संचालन के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक निर्धारित प्रपत्रों में अपना प्रस्ताव 19 अगस्त 2025 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकती हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं शर्तें जिला बेमेतरा की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ताकि अधिक से अधिक योग्य संस्थाएं इस प्रक्रिया में भाग ले सकें। जिला प्रशासन द्वारा इस पहल के माध्यम से जिले में युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### गैस सिलेंडर चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना उरला पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए रात में घर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से तीन एचपी गैस सिलेंडर एवं एक छोटा सिलेंडर, जिसकी कुल कीमत लगभग 10,000 है, बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने दिनांक 30 जुलाई 2025 को अपने किराए के मकान में ताला लगाकर अपने गृह ग्राम सोरला, जिला बेमेतरा चला गया था। अगले ही दिन 31 जुलाई को सुबह 5 बजे उसके पड़ोसी सूरज यादव ने फोन पर सूचना दी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है और घर का सामान बिखरा पड़ा है। प्रार्थी तत्काल अपनी पत्नी तारणी बाई साहू के साथ उरला लौटा और देखा कि उसके घर से तीन एचपी गैस सिलेंडर और एक छोटा सिलेंडर चोरी हो चुका था।

थाना उरला में अपराध क्रमांक 195/2025, धारा 331(4), 305 बी एन एस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान संदेह के आधार पर सागर प्रजापति, रवि प्रजापति एवं राजा टंडन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिनसे पूछताछ में आरोप सिद्ध हुआ। आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने दिनांक 30 जुलाई की रात में ताले लगे मकान से उक्त गैस सिलेंडर चोरी किए और उन्हें पंकज ऑक्सीजन के पास छुपाकर रखा। पुलिस ने मौके से चोरी गए सभी सिलेंडर जब्त कर लिए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# कोंडागाँव स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने किया प्रेस वार्ता

कोंडागाँव - विधायक निधि से प्रदत्त 32 लाख का सर्वसुविधायुक्त एम्बुलेंस ऑफिस का शोभा बढ़ा रही है जनता को इसका लाभ नहीं मिल पाना शासन प्रशासन की लापरवाही - मोहन मरकाम




**गंगा प्रकाश** कोंडागांव - कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन मे कोंडागांव स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था का उजागर करते हुए प्रेसवार्ता आयोजित किया गया। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार मे कोंडागांव सहित सम्पूर्ण प्रदेश मे स्वास्थ्य व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है जनता परेशान हैं।मोहन मरकाम ने कहा कोंडागांव जिले को हमारी सरकार के दौरान विधायक निधि से सर्व सुविधायुक्त एम्बुलेंस 32 लाख की लागत से प्रदत्त किया गया था जिसका ट्रेम्पेरी रजिस्ट्रेशन एक साल का था जिसका पुनः रजिस्ट्रेशन कराना विभाग की जिम्मेदारी थी जो की आज तक रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है जिसके चलते जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है यह केवल एक एम्बुलेंस ही नहीं है विभिन्न मदों से प्रदत्त सीएमएचओ ऑफिस मे ऐसे 9 एम्बुलेंस ख़डी धूल खाते हुए ऑफिस की शोभा बढ़ा रही हैं और जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बस्तर विकास प्राधिकरण से 16 जनवरी 2021 को प्रदत्त एम्बुलेंस है रूबर्न मिशन के तहत 16 जनवरी 2021 को प्रदत्त एम्बुलेंस है एल डब्लयु योजना के तहत 14 जून 2018 को प्रदत्त एम्बुलेंस है डीएमएफ्टी से 2017 को प्रदत्त शववाहन है सांसद निधि से 31 सितंबर 2018 को प्रदत्त एम्बुलेंस है बोलेरो प्लस शव वाहन है 27 दिसंबर 2019 को प्रदत्त है विधायक निधि से रांधना एवं अनतपुर हेतु 27 अप्रैल 2018 को प्रदत्त एम्बुलेंस हैं जो की प्रशासन की लापरवाही विभाग की कमजोरी के चलते रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया और जनता को समर्पित यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा की योजना का लाभ आमजनता को नहीं मिल पा रहा है। हम स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग करते हैं कोंडागांव की जनता के हित को ध्यान मे रखकर दी गयी एम्बुलेंस का लाभ जनता को मिल सकें इस ओर कार्य करेंगे प्रशासन की लापरवाही को न दबाते हुए जनता के हित मे कार्य करेंगे।कोंडागांव जिले के गांव गांव से मरीज परिजनों को कई दफे एम्बुलेंस के लिए भटकते देखा जाता है जबकि 9-9 एम्बुलेंस विभाग मे धूल खा रहें यह बड़ी दुःख की बात है कांग्रेस पार्टी ऐसे लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जनहित मे कदम बढ़ाने की मांग करती है कोंडागांव जिला अस्पताल गंदगी का अम्बार बन गया है सुध लेने वाला कोई नहीं है डॉक्टर्स की कमी है डीएमएफ्टी फंड से नियुक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को 4 माह से वेतन नहीं मिल रहा है ट्रिपल इंजन की सरकार मे पोस्टमार्डम के लिए एक स्वीपर नहीं है माकड़ी से बुलाना पड़ता है अन्य जगहों से बुलाना पड़ता है हमेशा परिजनों को भटकना पड़ता है यह कैसा सुशासन है क्या यही है मोदी की गारंटी। शासन प्रशासन को जनहितों को ध्यान मे रखते हुए स्वीपर की नियुक्ति तत्काल करनी चाहिए जिला मुख्यालय मे एक स्वीपर की भर्ती अगर शासन नहीं कर पा रही है तो बड़ी शर्मा की बात है। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, महामंत्री रितेश पटेल,शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, जिला उपाध्यक्ष द्वय तरुण गोलछा, श्रीमती वर्षा यादव,जिला सचिव उमर मेमन,सनी चोपड़ा, रविन्द्र दीवान सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# भिंभौरी सेवा सहकारी समिति में खाद वितरण में बड़ी उपलब्धि डीएपी 108 प्रतिशत और एसएसपी 153 प्रतिशत वितरण दर्ज, यूरिया की सुचारु आपूर्ति जारी

**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** खरीफ वर्ष 2025 के लिए जिले की सेवा सहकारी समिति भिंभौरी में खाद वितरण की प्रक्रिया में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस वर्ष समिति ने खाद वितरण और भंडारण के क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिससे क्षेत्र के किसानों को लाभ मिल रहा है। सेवा सहकारी समिति भिंभौरी द्वारा गत वर्ष 2024 में 442.125 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया था। इस वर्ष अब तक 338.400 मीट्रिक टन यूरिया का भंडारण कर लिया गया है, जिसका वितरण लगातार किया जा रहा है। यह गत वर्ष की तुलना में 76.53प्रतिशत है।

इसी प्रकार, पिछले वर्ष जहाँ 37.960 मीट्रिक टन डीएपी का वितरण किया गया था, वहीं इस वर्ष अब तक 40.000 मीट्रिक टन डीएपी का भंडारण कर वितरण किया जा रहा है, जो 108प्रतिशत की बढ़त को दर्शाता है। एमओपी की बात करें तो वर्ष 2024 में 80.050 मीट्रिक टन वितरण हुआ था जबकि इस वर्ष 100.000 मीट्रिक टन का वितरण हो चुका है, जो 80प्रतिशत की प्रगति है।

एसएसपी के क्षेत्र में सबसे उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है— पिछले वर्ष के 114.70 मीट्रिक टन की तुलना में इस वर्ष 175.950 मीट्रिक टन एसएसपी का वितरण हुआ है, जो 153.40प्रतिशत की बढ़त है। वहीं 20:20:0:13 खाद का वितरण इस वर्ष 75.00 मीट्रिक टन हुआ, जबकि गत वर्ष 104.120 मीट्रिक टन वितरण हुआ था, जो




72प्रतिशत के बराबर है।

भिंभौरी समिति के माध्यम से किसानों को केसीसी के तहत भी सहायता प्रदान की जा रही है। गत वर्ष समिति के 1945 केसीसी धारक किसानों को ऋण वितरित किया गया था। इस वर्ष 27 नए केसीसी कार्ड बनाए गए हैं। किसानों को एग्री-स्टैक पोर्टल में पंजीयन कर खाद वितरण प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाया गया है। अब तक कुल खाद वितरण का लगभग 80प्रतिशत वितरण केसीसी माध्यम से पूरा कर लिया गया है।

जिले के उप संचालक कृषि श्री मोरध्वज डडसेना ने जानकारी दी कि खाद की आपूर्ति और वितरण पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। रैक पॉइंट से नियमित रूप से खाद की आपूर्ति की जा रही है और समितियों में मांग के अनुसार भंडारण कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले को गतवर्ष के कुल डीएपी वितरण का 56प्रतिशत भाग अब तक प्राप्त हो चुका है, जबकि इसके विकल्प के रूप में 132प्रतिशत एनपीके और 162प्रतिशत एसएसपी प्राप्त हो चुका है। इस प्रकार बेमेतरा जिले को अब तक कुल 97प्रतिशत खाद गत वर्ष की तुलना में प्राप्त हो चुका है, जिससे खरीफ फसल की तैयारी और रोपाई कार्य में किसानों को कोई बाधा न हो। आज जिले को 500 मीट्रिक टन अतिरिक्त यूरिया प्राप्त हुआ है, जिससे आगामी दिनों में खाद की मांग को और बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा।

जिला प्रशासन की ओर से अपील कृषि विभाग और जिला प्रशासन किसानों से अपील कर रहे हैं कि वे पंजीयन उपरांत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खाद प्राप्त करें और अनुशासित तरीके से वितरण व्यवस्था में सहयोग करें। खाद की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# ग्राम जेवरी में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम, महतारी सदन के लिए भूमि पूजन सम्पन्न

मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू बोले ङ्क महतारी वंदन से लेकर महतारी सदन तक, हमारी सरकार महिलाओं के साथ



**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक और अहम पहल की गई है। बेमेतरा जिले के ग्राम जेवरी में महतारी सदन के निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू रहे, जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया और निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत की।

**इस अवसर पर विधायक साहू ने कहा कि**- हमारी सरकार, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में, महिलाओं के हित में ऐतिहासिक फैसले ले रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से पहले से ही महिलाओं को 1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जा रही है। अब महतारी सदन जैसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगी और रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। यह सदन केवल एक भवन नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए एक सशक्त मंच होगा।

**24 लाख 70 हजार रुपए की लागत से होगा निर्माण**- महतारी सदन का निर्माण छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 24,70,000 की लागत से किया जा रहा है। यह भवन पूरी तरह महिलाओं को समर्पित होगा, जहां पर उन्हें स्वरोजगार, प्रशिक्षण, और उद्यमिता से संबंधित सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इसके माध्यम से महिलाओं को एक ऐसा प्लेटफॉर्म मिलेगा, जहाँ वे सिलाई-कढ़ाई, बुनाई, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण आदि जैसे कार्यों में दक्षता प्राप्त कर सकेंगी और आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

**स्थानीय महिलाओं में उत्साह**- भूमि पूजन कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, विशेष रूप से महिलाओं में उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कार्यक्रम में शामिल हुईं और सरकार की इस पहल की सराहना की।

ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह महतारी सदन ग्राम की महिलाओं के लिए नई दिशा और नई सोच लेकर आएगा।

**महिलाओं के लिए समर्पित होगा यह केंद्र**- यह महतारी सदन न केवल प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करेगा, बल्कि महिला स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों का संचालन, बैठकों और योजनाओं के क्रियान्वयन में भी मदद करेगा। यह एक ऐसा स्थान होगा जहां महिलाएं अपने विचार साझा कर सकेंगी, एक-दूसरे से सीख सकेंगी और सामूहिक रूप से उन्नति की राह पर आगे बढ़ सकेंगी।

**सम्पूर्ण उद्देश्य**:- छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। महतारी सदन जैसी संरचनाएं आने वाले समय में राज्य के सामाजिक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाएंगी, जहां महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि भागीदार बनेंगी।

# कोंडागांव जिला और माकड़ी ब्लॉक को नीति आयोग से मिला गोल्ड मेडल



***गंगा प्रकाश - कोंडागाँव***

कोंडागांव, 03 अगस्त 2025/ नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में कोण्डागांव जिला एक बार फिर अग्रणी साबित हुआ है। देशभर के 112 जिलों और 500 विकासखंडों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में तेजी से विकास सुनिश्चित करना है। कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड ने आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत निर्धारित सभी 06 इंडीकेटर में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों और विकासखंड को हाल ही में रायपुर में आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया, जिसमें आकांक्षी जिला कार्यक्रम में कोंडागांव जिला और आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम में माकड़ी भी शामिल है। इस अवसर पर कोंडागांव की कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अविनाश भोई ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होकर यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया। आकांक्षी जिला में एएनसी जांच, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 9 से 11 माह के बच्चों का शत् प्रतिशत टीकाकरण और स्कूलों में विद्युतीकरण और मूलभूत सुविधा, स्कूलों में पुस्तक वितरण में शत् प्रतिशत उपलब्धि शामिल है। वहीं माकड़ी विकासखंड में एएनसी जांच, शुगर जांच, उच्च रक्तचाप जांच, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और समूह की महिलाओं को रिवाल्विंग फंड वितरण में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, मितानिन बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम स्तरीय अमले को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता टीमवर्क और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी को भविष्य में भी इसी प्रकार प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा द्वारा बेमेतरा एवं कवर्धा जिला न्यायालय का निरीक्षण, न्यायिक व्यवस्थाओं के सुधार पर दिया विशेष जोर

**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** बीते दिवस छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री रमेश सिन्हा द्वारा जिला न्यायालय कबीरधाम (कवर्धा) एवं बेमेतरा का निरीक्षण किया गया। उनके साथ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल श्री मनीष कुमार ठाकुर, संयुक्त रजिस्ट्रार सह पीपीएस श्री एम.वी.एल.एन. सुब्रहमण्यम, प्रोटोकॉल अधिकारी श्री आर.एस. नेगी तथा दोनों जिलों के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने बेमेतरा जिला न्यायालय परिसर की व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को न्यायालय भवन की नियमित साफ-सफाई, समुचित रखरखाव और सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर न्यायालय परिसर में उपस्थित अधिवक्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया, साथ ही अधिवक्ताओं से चर्चा कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी



गंभीरता से सुना गया। निरीक्षण के क्रम में मुख्य न्यायाधीश ने पूर्व निरीक्षण के समय चिन्हित की गई समस्याओं के समाधान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अनेक कमियों को दूर करने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए गए हैं। साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन नए न्यायालय भवन का भी निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा प्रदेश के समस्त जिला न्यायालयों का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि राज्य की न्यायिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाया जा सके। उनके नेतृत्व में निरंतर हो रहे इन प्रयासों का सकारात्मक असर जिला न्यायालयों की कार्यप्रणाली में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यह निरीक्षण न केवल न्यायिक व्यवस्था के सतत सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि न्यायपालिका की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है कि न्यायिक सेवा नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे।

# सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा में छात्रसंघ शपथ समारोह आयोजित – आतिफ मेमन बने स्कूल के हेड बॉय, छात्र नेतृत्व में दिखा आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार

**छुरा ( गंगा प्रकाश )।** सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, छुरा में सोमवार को एक भव्य और गरिमामयी आयोजन में छात्रसंघ के नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों ने विधिवत शपथ ली। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। छात्रसंघ चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बाद हुए इस शपथ ग्रहण समारोह में विद्यार्थियों के चेहरे आत्मविश्वास और नेतृत्व की चमक से दमकते नजर आए।

इस वर्ष के छात्रसंघ चुनाव में छात्रों की जबरदस्त भागीदारी देखने को मिली। लगभग 100 छात्रों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किया, और पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ बैलेट पेपर के माध्यम से संपन्न हुई। यह न केवल छात्रों में लोकतांत्रिक सोच और उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करता है, बल्कि उन्हें एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करता है।

**शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन**– कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने की। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने कहा, छात्रसंघ किसी भी विद्यालय में अनुशासन और नेतृत्व निर्माण की बुनियाद होता है। यह मंच विद्यार्थियों को नेतृत्व का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करता है जो जीवनभर उनके व्यक्तित्व को आकार देता है।

नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को विद्यालय के व्याख्याताओं दिवस कुमार यादव एवं देवेश चंद्राकर ने शपथ दिलाई। मंच पर प्रतिनिधियों को बैज पहनाकर उनके भीतर कर्तव्यबोध और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी गई।

**आतिफ मेमन और लीना कंवर के हाथों में स्कूल नेतृत्व**– छात्रसंघ के सर्वोच्च पदों पर आतिफ मेमन को हेड बॉय और लीना कंवर को हेड गर्ल के रूप में चुना गया है। गोपिका सोनवानी को वाइस हेड गर्ल नियुक्त किया गया। ये छात्र विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय नेतृत्व का निर्वहन करेंगे।

**हाउस प्रतिनिधियों में दिखा जोश और उत्साह**– विद्यालय के चारों हाउस—रेड, ब्लू, येलो और ग्रीन—में उच्च एवं मध्यम कक्षाओं के लिए अलग-अलग प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ।







**रेड हाउस:**

हायर सेक्शन: देशांत कुमार (कप्तान), गरिमा अग्रवाल (उपकप्तान)

मिडिल सेक्शन: लीना सेवई (कप्तान), हिमांशी साहू (उपकप्तान)

**ब्लू हाउस:**

हायर सेक्शन: ख्याति शर्मा (कप्तान), निशा निषाद (उपकप्तान)

मिडिल सेक्शन: तनिशा सोनवानी (कप्तान), तान्या देवांगन (उपकप्तान)

**येलो हाउस:**

हायर सेक्शन: टेमेश सिन्हा (कप्तान), हिमानी साहू (उपकप्तान)

मिडिल सेक्शन: रूपल दीवान (कप्तान), रेबिका चौहान (उपकप्तान)

**ग्रीन हाउस:**

हायर सेक्शन: आयुषी चंद्राकर (कप्तान), यशस्वी ठाकुर (उपकप्तान)

मिडिल सेक्शन: लहीम खान (कप्तान), सौम्या कुर्रे (उपकप्तान)

विभागीय पदाधिकारियों ने संभाली जिम्मेदारी

खेल विभाग: लक्की साहू (स्पोर्ट्स कैप्टन), संकेत नागदेव (वाइस कैप्टन)

सांस्कृतिक विभाग: काजल कंवर (कल्चरल कैप्टन), खुशी सेवई (वाइस कैप्टन)

अनुशासन विभाग: अक्षत जैन (डिसिप्लिन कैप्टन), डुमेश्वरी यादव (वाइस कैप्टन)

स्वच्छता विभाग: कृष देवांगन (क्लीनलिनेस कैप्टन), योगेश निर्मलकर (वाइस कैप्टन)

**कक्षा प्रतिनिधियों का भी हुआ चयन**

हर कक्षा से छात्रों को कप्तान और उपकप्तान के रूप में प्रतिनिधित्व का अवसर मिला:

12वीं: शेख जाबिर, तानिया चंद्राकर
11वीं: दुर्गेश्वरी साहू, पीयूष साहू
10वीं: लोकप्रदीप साहू, आयुष साहू
9वीं: प्रयाग कंसारी, अदिति निर्मलकर
8वीं: बुशरा परवीन, वैभव लक्की साहू
7वीं: अंशु चंद्राकर, लिबान खान
6वीं: वारिया साहू, मान्यता मेहता

**मुख्य अतिथि के प्रेरक विचार**

समारोह के मुख्य अतिथि सी. आर. सिन्हा (स्स्छष्ट अध्यक्ष) ने कहा, नेतृत्व का यह अभ्यास छात्रों के समग्र विकास का प्रमुख आधार है। ऐसे कार्यक्रम उन्हें न केवल आत्मनिर्भर बनाते हैं बल्कि समाज के प्रति उनके दायित्वबोध को भी जाग्रत करते हैं।

साथ में बी. एल. तारक और आशोक जैन (SMDC सदस्य) ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

**कार्यक्रम संचालन और समापन**

पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बिनेश कुमार डनसेना ने आकर्षक शैली में किया, जिससे समारोह जीवंत और प्रेरणादायक बन गया। विद्यालय परिवार ने सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति अभियान को मिली नई गति: गरियाबंद में कलेक्टर बी.एस. उइके ने दिए सख्त निर्देश



– भारत माता वाहिनी के जरिए गांव-गांव तक पहुंचेगा नशामुक्ति का संदेश, सड़क हादसों पर लगेगी लगाम –

**गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** जिले में बढ़ते सड़क हादसों और नशे की बढ़ती लत को रोकने के लिए गरियाबंद प्रशासन ने अब दो मोर्चों पर बड़ी कार्रवाई की रूपरेखा तय कर दी है। कलेक्टर बी.एस. उइके एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने आज कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति एवं नशामुक्त भारत अभियान समिति की संयुक्त बैठक में अधिकारियों को तगड़े निर्देश दिए। बैठक में तय हुआ कि अब भारत माता वाहिनी के जरिए गांव-गांव में नशे के खिलाफ जनजागरूकता की अलख जगाई जाएगी, वहीं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कड़ी रणनीति पर अमल होगा।

**ब्लैक स्पॉट्स पर रंबल स्ट्रिप और साइन बोर्ड अनिवार्य**– बैठक में कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि जिले में जिन स्थानों पर बार-बार सड़क हादसे होते हैं, उन्हें चिन्हांकित कर त्वरित सुधार कार्य किया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग और ग्रामीण सड़कों पर ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर वहां रंबल स्ट्रिप, साइन बोर्ड, यातायात संकेतक, और रेडियम पट्टी लगाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने स्पष्ट कहा — खुले वाहनों में लोगों की आवाजाही दुर्घटनाओं को न्योता देती है। गांवों में मुनादी कर लोगों को समझाएं कि वे खुले वाहन में यात्रा न करें।

**शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर अब होगी सख्त कार्रवाई**– कलेक्टर ने ट्रैफिक नियमों की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई हो। इसके लिए पुलिस विभाग, परिवहन विभाग और पीडब्ल्यूडी को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश मिले हैं। इस संबंध में पुलिस विभाग ने बताया कि दुर्घटना संभावित स्थानों पर जाकर निरीक्षण किया गया है। मोड़ व पुल-पुलियों पर झाड़ियाँ हटाई गई हैं, पेड़ों पर रेडियम टिकली लगाई गई है जिससे रात्रिकालीन दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

**भारत माता वाहिनी बनेगी नशामुक्ति अभियान की अग्रदूत**– बैठक में नशामुक्त भारत अभियान पर विशेष फोकस रहा। कलेक्टर श्री उइके ने भारत माता वाहिनी को फिर से सक्रिय और प्रभावशाली बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा — नशे के खिलाफ लड़ाई सिर्फ पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। भारत माता वाहिनी इस अभियान की रीढ़ बनेगी।

**स्कूल-कॉलेज से लेकर गांवों तक चलेगा जागरूकता अभियान**– कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज कल्याण विभाग मिलकर स्कूल, कॉलेजों, और सार्वजनिक संस्थानों में नशे के खिलाफ रैलियाँ, नाट्य-प्रस्तुति, दीवार लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, और काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित करें। भारत माता वाहिनी के वालेंटियर्स को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें अभियान में शामिल किया जाएगा।

**नशामुक्ति केन्द्रों की वस्तुस्थिति का लिया जायज़ा**– बैठक में जिले में संचालित नशामुक्ति केन्द्रों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने केन्द्रों में दी जा रही सेवाओं की स्थिति, उपस्थित लोगों की संख्या और काउंसलिंग की गुणवत्ता की जानकारी ली और सुधारात्मक निर्देश दिए।

**बैठक में मौजूद रहे ये अधिकारी:**– अपर कलेक्टर: पंकज डाहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक: जितेन्द्र चन्द्राकर, परिवहन अधिकारी: रविन्द्र ठाकुर, समाज कल्याण उप संचालक: डी.पी. ठाकुर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी: अशोक पाण्डेय अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण

**जागरूकता से ही होगी जीत की शुरुआत**– यह बैठक एक बार फिर यह संदेश दे गई कि यदि जनभागीदारी के साथ प्रशासन सक्रिय हो, तो नशे जैसी सामाजिक बुराई और सड़क दुर्घटनाएं जैसी आपदाएं रोकी जा सकती हैं। भारत माता वाहिनी अब इस नई जिम्मेदारी के साथ मैदान में उतर रही है—और उसका लक्ष्य है एक सुरक्षित, स्वस्थ और नशामुक्त गरियाबंद।

# भीषण सड़क हादसा: फिंगेश्वर के सरगी नाले में टायर फटने से कार पुल से गिरी, 2 की मौत, 3 गंभीर घायल

रात्रि 2 बजे घटी दर्दनाक घटना, पुल पर रैलिंग नहीं होने से हादसे को मिला न्योता



**फिंगेश्वर/गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** फिंगेश्वर-राजिम मुख्य मार्ग पर स्थित सरगी नाले में रविवार अलसुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि कार पलटकर करीब 20 से 25 फीट गहराई में जा गिरी और उसके चारों पहिए आसमान की ओर हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बलौदाबाजार जिले के बिलाईगढ़-भटगांव क्षेत्र से पांच युवक कार क्रमांक छ.ग. 04 सीएचएन 3753 में सवार होकर गरियाबंद के प्रसिद्ध भुतेश्वरनाथ महादेव मंदिर के दर्शन के लिए निकले थे। यह यात्रा उनकी आखिरी धार्मिक यात्रा बन गई। रात्रि करीब 2 से 3 बजे के बीच जब कार फिंगेश्वर से लगभग 4 किमी दूर सरगी नाले के पास पहुंची, तभी अचानक कार पुल के किनारे रेलिंग के लिए लगाए गए पत्थरों से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का टायर फट गया और वह असंतुलित होकर सीधे नाले में जा गिरी। नाले में पानी नहीं होने के कारण राहगीरों की नजर दुर्घटनाग्रस्त कार पर पड़ी। तत्काल पुलिस को सूचित किया गया, जिसके बाद फिंगेश्वर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य किया गया। इस दर्दनाक हादसे में लोकेश साहू एवं पंकज दास सरजना की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजेश आदित्य, दयाराम यादव, और ननकीराम साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रिफर किया गया है।

**हादसे के पीछे की बड़ी लापरवाही – चोरी हो चुकी हैं लोहे की रैलिंग!**– इस हादसे ने फिंगेश्वर क्षेत्र में जर्जर व असुरक्षित पुल-पुलियों की पोल खोलकर रख दी है। सरगी नाला, सरार नाला और सुखानदी पुल जैसे तीन प्रमुख स्थलों पर पहले लोहे की रैलिंग लगी थी, लेकिन समय के साथ रैलिंगें चोरी हो गईं और प्रशासन ने उनकी दोबारा मरम्मत की ज़रूरत नहीं समझी।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, इन जगहों पर रैलिंग न होने के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें मवेशियों की भी मौत हुई है। अब जबकि इंसानी जानें जा चुकी हैं, लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

**क्षेत्रीयजनों की मांग – कांक्रीट रैलिंग हो अनिवार्य**– आज की घटना के बाद लोगों ने प्रशासन से तीनों पुलों पर मजबूत कांक्रीट रैलिंग लगाने की पुरजोर मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सरगी नाले पर सुरक्षा रैलिंग होती, तो आज यह जानलेवा हादसा टल सकता था।

**विधायक रोहित साहू का बयान**– घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि इस घटना की जांच कराई जाएगी और राजिम विधानसभा क्षेत्र के सभी पुल-पुलियों पर सुरक्षा इंतज़ामों को सुदृढ़ किया जाएगा।

# मंदसौर से आए कृषि अधिकारियों ने जिले के लिनन प्रयोगशाला का किया शैक्षणिक भ्रमण, अलसी से धागा निर्माण की प्रक्रिया का लिया व्यावहारिक अनुभव

**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बेमेतरा में स्थित लिनन फ्रॉम लिनसीड स्टॉक्स (लिनन प्रयोगशाला) इकाई का भ्रमण करने के लिए मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले से कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ एवं अधिकारीगण पहुंचे। यह भ्रमण शैक्षणिक एवं तकनीकी ज्ञानवर्धन की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। मंदसौर कृषि विज्ञान केंद्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजेश गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर ऑफ एग्रीकल्चर श्रीमती अमिता धाकड़ एवं एफ्पीओएस मंदसौर एग्रो इंडस्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से राकेश पाटीदार इस भ्रमण दल में शामिल हुए। उन्होंने



महाविद्यालय की लिनन फ्रॉम लिनसीड स्टॉक्स इकाई का निरीक्षण किया और अलसी के डंठल (स्टॉक्स) से धागा निर्माण तथा उससे कपड़ा तैयार करने की पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भडारकर ने अतिथियों को लिनन इकाई की स्थापना, उसके उद्देश्य, तकनीकी पहलुओं और नवाचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. टी. डी. साहू ने लिनन निर्माण की चरणबद्ध प्रक्रिया जैसे रेटिंग, ड्रायिंग, ब्रेकिंग, स्कचिंग एवं स्पिनिंग आदि को विस्तारपूर्वक समझाया।

# विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत पंडरभट्ठा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, महिलाओं को दी गई स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी

**बेमेतरा,( गंगा प्रकाश )**

महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) द्वारा भारत सरकार की कार्ययोजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंडरभट्ठा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व स्तनपान सप्ताह (01 से 07 अगस्त 2025) के अवसर पर गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना था। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सिसोदिया ने माताओं को 6 माह तक अनवरत स्तनपान कराने, पहले पीले गाढ़े दूध (कोलेस्ट्रम) के लाभ, तथा 'रेडी टू ईट' पोषण आहार, तिरंगा भोजन, और स्थानीय साग-सब्जियों व फलों के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, मातृ एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिनमें प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, नोनी सुरक्षा योजना, छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना और ऋण योजनाएं प्रमुख रहीं। प्रधानमंत्री मातृवंदना विशेष पंजीकरण अभियान (15 जुलाई से 15 अगस्त 2025) के तहत गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर पोषण युक्त गर्भावस्था के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के तहत प्रथम बच्चे के लिए कुल 5000 और दूसरे बच्चे (बालिका होने पर) हेतु 6000 की सहायता राशि प्रदान की जाती है। पात्र महिलाएं पंजीकरण के लिए निकटतम



आंगनबाड़ी केंद्र या आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान 26 किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को एक माह का निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर श्रीमती पिंकी निषाद द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण करने पर उन्हें जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सिसोदिया और ग्राम सरपंच श्रीमती वेदशिखा साहू के करकमलों से प्रशस्ति-पत्र वितरित किए गए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी स्मिता सिंह, जिला मिशन समन्वयक श्री राजीव कुमार वर्मा, जेण्डर विशेषज्ञ श्रीमती सेवन्तिका साहू, सखी वन स्टॉप सेंटर की केन्द्र प्रशासक राखी यादव, पर्यवेक्षक श्रीमती रूचि ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।



# संपादकीय

## टीआरएफ पर फिर फंसा पाकिस्तान

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मॉनिटरिंग रिपोर्ट में पहलगाम हमले में आतंकी संगठन टीआरएफ की भूमिका का जिक्र होने के बाद अब पाकिस्तान के लिए बचने का कोई रास्ता नहीं रह गया है। उसका यह झूठ दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है कि भारत में हुए आतंकवादी हमले से उसका नाता नहीं। यह भारत के लगातार किए गए कूटनीतिक प्रयासों की जीत है। मॉनिटरिंग टीम ने रिपोर्ट में लिखा है कि टीआरएफ ने दो बार हमले की जिम्मेदारी ली और यह अटैक पाकिस्तान की जमीन से संचालित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन के बिना संभव नहीं था। टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एफएटीएफ ने भी कुछ दिनों पहले कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला आर्थिक मदद के बिना नहीं हो सकता। पाकिस्तान के लिए दो-दो ग्लोबल एजेंसियों की फाइंडिंग को झुठलाना आसान नहीं होगा। यह रिपोर्ट इतनी अहम इसलिए है, क्योंकि इसके पीछे भारत ने बहुत मेहनत की है। यूएनएससी को टीआरएफ के बारे में लगातार जानकारी मुहैया कराई गई - लश्कर के साथ जुड़ाव के सबूत सौंपे गए। पिछले साल मई में विदेश मंत्रालय की अगुआई में एक डेलिगेशन ने न्यू यॉर्क में यूएन अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए थे। पाकिस्तान ने हर सबूत को झुठलाने की कोशिश की और इसमें उसे चीन का भरपूर साथ मिला। इस बार भी उसे भरोसा था कि एनएससी में चीन बचा लेगा। पिछले दिनों पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने अपने यहां की संसद में दावा किया था कि उन्होंने एनएससी के प्रेस स्टेटमेंट से टीआरएफ का नाम हटवा दिया है। हालांकि इस बार चीन पाकिस्तान का गठजोड़ नाकाम हो गया। यह हार पाकिस्तान के प्रॉक्सी वॉर की भी है। लश्कर-ए-तैयबा घोषित अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन है। इस पर कार्रवाई का दबाव बढ़ने के बाद पाकिस्ताननने 2019 में टीआरएफ को खड़ा किया था । एलईटी के लड़ाकों और हथियारों का इस्तेमाल कर टीआरएफ आतंक फैलाने में लगा हुआ था। लेकिन, इस बार दुनिया ने उसकी प्रॉक्सी टैक्टिक्स को पहचान लिया। मॉनिटरिंग रिपोर्ट को सुरक्षा परिषद के सभी सदस्य आम सहमति से अपनाते हैं यानी पाकिस्तान अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकता। पिछले कुछ अरसे से कूटनीतिक मोर्चे पर वह घिरता जा रहा है। पहले क्वाड के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र आया और फिर अमेरिका ने टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया। भारत के लिए यह बिल्कुल सही समय है।

# दबाव के आगे नहीं झुक कर मोदी ने ट्रंप का झूठ उजागर किया और रूस से दोस्ती का मान भी रखा

(नीरज कुमार दुबे )

भारत ने यह दिखा दिया है कि वह वैश्विक शक्ति-संतुलन में किसी का मोहरा नहीं बनेगा। रूस के साथ संबंध बचाने के लिए अमेरिकी दबाव को ठुकराना केवल कूटनीतिक कदम नहीं, बल्कि यह संदेश है कि भारत अपने दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा,चाहे कीमत कुछ भी हो। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25त्न टैरिफ लगाकर न केवल द्विपक्षीय संबंधों में खटास पैदा की है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड एकानामी' कह कर अमेरिकी राष्ट्रपति पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाई है। यह बयान स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि ट्रंप व्यापार और भू-राजनीतिक मुद्दों को दबाव की राजनीति के हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। लेकिन भारत का रुख इस बार बिल्कुल अलग रहा। उसने न केवल व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी शर्तों के आगे झुकने से इंकार कर दिया, बल्कि रूस से संबंधों को लेकर अमेरिकी दबाव को भी ठुकरा दिया। इससे ट्रंप का यह दावा भी कमजोर हो गया कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर केवल अमेरिकी दबाव और संभावित व्यापार समझौते के लालच में रोका था। भारत के इस रुख के पीछे कई ठोस कारण हैं। दरअसल रूस भारत का दशकों पुराना रणनीतिक साझेदार है, जिसने परमाणु ऊर्जा, रक्षा और ऊर्जा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भारत को लगातार सहयोग दिया है। आज भी भारत के 60 प्रतिशत से अधिक रक्षा उपकरण रूसी मूल के हैं और सस्ते रूसी तेल ने भारत को वैश्विक ऊर्जा संकट के समय राहत दी है। अमेरिका की पैनल्टी झेलने और राष्ट्रपति की नाराजगी का जोखिम उठाकर भी भारत रूस के साथ संबंध बचाने को तैयार है, क्योंकि यह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का मूलभूत हिस्सा है। देखा जाये तो वैश्विक राजनीति पर इसका बड़ा असर पड़ेगा क्योंकि भारत का यह संदेश स्पष्ट है कि वह किसी भी महाशक्ति के दबाव में अपनी विदेश नीति नहीं बदलेगा। इस कदम से न केवल भारत की कूटनीतिक साख बढ़ी है, बल्कि दुनिया के अन्य

> *हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप ने टैरिफ को लेकर भारत पर जिस तरह हमला बोला है उससे उनका ही पुराना दावा कमजोर पड़ गया है। हम आपको बता दें कि ट्रंप लगातार यह कह रहे हैं कि 10 मई को मोदी सरकार ने उनके दबाव में पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' को रोक दिया था।*

मध्यम और छोटे देशों को भी यह विश्वास मिला है कि बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में दबाव की राजनीति को चुनौती दी जा सकती है। दूसरी ओर, अमेरिका के लिए यह स्थिति असहज है। भारत उसके लिए इंडो फेसिफ रणनीति का प्रमुख साझेदार है और ट्रंप की बयानबाजी व टैरिफ की नीति इस भरोसे को कमजोर कर सकती है। यदि अमेरिका भारत जैसे लोकतांत्रिक साझेदार को अपमानित करता है, तो वह चीन और रूस के खिलाफ बने गठबंधनों में अपनी स्थिति कमजोर कर लेगा। ट्रंप की यह टिप्पणी उनके उस लंबे इतिहास से मेल खाती है जिसमें वे अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को केवल व्यापार और अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के नजरिए से देखते हैं। भारत के टैरिफ और रूस के साथ उसके संबंधों पर सवाल उठाना एक अलग विषय है, लेकिन इन मुद्दों को हल करने का रास्ता अपमानजनक भाषा नहीं, बल्कि परिपक्व वार्ता है। भारत सरकार ने सही कहा है कि वह राष्ट्रीय हित से समझौता नहीं करेगी। भारत ने यह दिखा दिया है कि वह वैश्विक शक्ति-संतुलन में किसी का मोहरा नहीं बनेगा। रूस के साथ संबंध बचाने के लिए अमेरिकी दबाव को ठुकराना केवल कूटनीतिक कदम नहीं, बल्कि यह संदेश है कि भारत अपने दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा- चाहे कीमत कुछ भी हो। ट्रंप की ओर से टैरिफ लगाये जाने की चेतावनियों के बावजूद भारत ने न तो रूस से ऊर्जा खरीद कम की है और न ही रक्षा सहयोग में कोई कटौती की है। यह रुख बताता है कि भारत अपनी विदेश नीति में रणनीतिक स्वायत्तता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। ट्रंप का अतिरिक्त शुल्क भारत को रूस से दूर करने की कोशिश है। लेकिन यह रणनीति अब तक विफल रही है। दरअसल अमेरिका यह दिखाना चाहता है कि जो देश रूस के साथ व्यापार करेंगे, उन्हें दंडात्मक कार्रवाई झेलनी पड़ेगी। यह संदेश चीन जैसे देशों के लिए भी है, जो रूसी तेल के बड़े खरीददार हैं। भारत का रूस के साथ संबंध मजबूत रखना अमेरिका के लिए चिंता का विषय है इसलिए वह चाहता है कि भारत क्वाड में मजबूत हो मगर इंडो फैसिफ रणनीति के तहत रूस से दूरी बनाए। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह साफ कर दिया है कि भारत किसी के दबाव में अपने रणनीतिक निर्णय नहीं बदलेगा। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता नहीं हो पाने का बड़ा कारण यही है कि भारत ने कृषि, डेयरी और टैरिफ में अपनी शर्तों से समझौता करने से इंकार कर दिया है। साथ ही भारत ने दिखा दिया है कि रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा संबंध केवल आर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक महत्व रखते हैं। देखा जाये तो अमेरिका के आगे नहीं झुक कर भारत की वैश्विक स्थिति तेजी से मजबूत हो रही है। अमेरिका की पेनल्टी के बावजूद भारत पर दबाव काम नहीं कर रहा, जो यह दिखाता है कि भारत अब वैश्विक मंच पर एक स्वतंत्र शक्ति है। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप के दबाव और अपमानजनक बयानों के आगे न झुककर विश्व राजनीति को एक स्पष्ट और मजबूत संदेश दिया है। भारत अब किसी का जूनियर पार्टनर नहीं है, बल्कि वैश्विक मंच पर एक आत्मनिर्भर और आत्मसम्मानी शक्ति है। मोदी सरकार ने साफ शब्दों में कहा है कि वह राष्ट्रीय हित से समझौता नहीं करेगी और किसी भी व्यापारिक समझौते में किसानों, उद्यमियों और एमएसएमई के हित सर्वोपरि रहेंगे। यह रुख बताता है कि भारत अब केवल आर्थिक या कूटनीतिक दबावों के आधार पर निर्णय नहीं लेता। यह कदम केवल अमेरिका को नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि भारत अपनी शर्तों पर साझेदारी करता है। चाहे ऊर्जा सुरक्षा के लिए रूस के साथ संबंध हों या पश्चिमी देशों के साथ व्यापार समझौते- भारत संतुलन बनाए रखने में सक्षम है और दबाव के आगे झुकने वाला देश नहीं है। इसका सबसे बड़ा महत्व यह है कि भारत ने यह दिखा दिया है कि वैश्विक शक्ति संतुलन में उसका स्थान स्थायी और स्वतंत्र है। अमेरिका, चीन, रूस या कोई अन्य महाशक्ति अब भारत को केवल एक 'निर्भर सहयोगी' की तरह नहीं देख सकती। यह आत्मविश्वास भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत, सामरिक क्षमताओं और वैश्विक कूटनीतिक साख का प्रमाण है। जहां तक यह सवाल है कि भारत-रूस संबंधों पर क्यों खफा हैं ट्रंप? तो आपको बता दें कि यूक्रेन युद्ध से पहले भारत का रूस से तेल आयात कुल आयात का 2 प्रतिशत से भी कम था, जो जून 2024 तक 40 प्रतिशत से अधिक हो गया है। इसके अलावा, रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता है और कम कीमत, लचीली शर्तों व संवेदनशील तकनीक उपलब्ध कराने के कारण यह संबंध भारत के लिए रणनीतिक हैं। साथ ही रूस लंबे समय से भारत का परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में साझेदार रहा है। इन संबंधों ने अमेरिका को असहज कर दिया है, खासकर तब जब पश्चिमी देश रूस को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की कोशिश कर रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर पर बहस सार्थक जीवंत रही

संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई लंबी बातचीत न केवल स्वस्थ, सार्थक और जीवंत रही बल्कि इसने सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को उनके बेहतर रंग में देश के सामने रखा। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह स्पष्ट घोषणा सामने आई कि 'दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा' जिससे वह अस्पष्टता दूर हो गई, जो इस मुद्दे को लेकर बनी हुई थी। यही नहीं, प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई नीति और ऑपरेशन सिंदूर के निहितार्थों को बहुत बारीकी से स्पष्ट किया। पीएम मोदी का जवाब केवल विपक्ष के लिए नहीं था। यह सवाल पूरे देश को परेशान कर रहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के व्यापार रोकने की धमकी देकर सीजफायर कराने के दावों में कितनी सच्चाई है। हालांकि विदेश मंत्री एस. जयशंकर पहले भी ट्रंप के दावों को नकार चुके हैं, लेकिन सरकार के मुखिया की तरफ से आया जवाब पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत ऐसे फैसले किसी के दबाव में नहीं लेता। पाकिस्तान के साथ टकराव के किसी भी मोड़ पर भारत का इरादा संघर्ष बढ़ाने का नहीं था। सरकार की ओर से खुली छूट होने के बावजूद भारतीय सेना की कार्रवाई सटीक, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। भारत इस लक्ष्य के साथ उतरा था कि सीमा पार मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके आतंक के आकाओं को सबक सिखाना है। यह संयमित रुख दिखाता है कि भारत युद्ध नहीं चाहता लेकिन अगर पाकिस्तान ने कोई दुस्साहस किया, तो उसे करारा जवाब देने में संकोच नहीं करेगा। पीएम ने डिफेंस सेक्टर में सुधार से लेकर दुनिया में भारतीय हथियारों की बढ़ती मांग तक पर सिलसिलेवार ढंग से बात रखी। उन्होंने हर उस पहलू को छुआ, जिसे लेकर हाल में बहस बढ़ी है। आमतौर पर राजनीति में मुद्दे नारों के शोर में खो जाते हैं, लेकिन पीएम के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष ने जिस तरह का जिम्मेदारी पूर्ण व्यवहार दिखाया उसकी सराहना की जानी चाहिए।

# हिंसक भाषा बोध के बीच भाषायी सहिष्णुता की अपील

(उमेश चतुर्वेदी )

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं। राज्य की कोयंबटूर राज्यपाल एक तरह से राज्य का प्रथम नागरिक होता है। इस नाते राज्य में कोई समस्या हो तो उसे रोकने के लिए हस्तक्षेप करना उसकी जिम्मेदारी बनती है। आमची मराठी बोध को लेकर जारी सियासी खींचतान के बीच आए राज्यपाल के बयान को लेकर विवाद नहीं होता तो ही आश्चर्य होता। मराठी स्वाभिमान के बहाने हिंदीभाषियों से हिंसा का समर्थक रही महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे हो या फिर शिवसेना-उद्धव ठाकरे, दोनों के नेता राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के विरोध में उतर आए हैं। शिवसेना-उद्धव के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा है कि मराठी महाराष्ट्र में नहीं बोली जाएगी तो क्या भूटान में बोली जाएगी। मनसे नेता संदीप देशपांडे ने कहा है कि राज्यपाल को मराठी स्वाभिमान और मराठी भाषा के अपमान में अंतर समझना चाहिए। सीपी राधाकृष्णन भले ही तमिलभाषी हों, लेकिन मराठी गौरवबोध के बहाने जारी भाषा विवाद में हस्तक्षेप करके उन्होंने एक तरह से अपने दायित्वबोध को ही जाहिर किया है। तमिलनाडु के कोयंबटूर से दो बार लोकसभा सदस्य रहे राधाकृष्णन आपसी बातचीत में मानतेरहे हैं कि राजनीति में अखिल भारतीय व्याप्ति के लिए हिंदी का सहयोग जरूरी है। इन पंक्तियों के लेखक से कई बार उन्होंने हिंदी सिखाने की अपील की है। यह बात और है कि हिंदी के कुछ शब्दों के अलावा कुछ ज्यादा नहीं सीख पाए। तमिलनाडु के राजनीतिक हलकों में उन्हें तमिल मोदी कहा जाता रहा है। तमिलनाडु की राजनीति हिंदी के कटु विरोध के लिए जानी जाती रही है। 1968 में तमिलनाडु में हिंदी को राजभाषा बनाने के खिलाफ हिंसक आंदोलन हो चुका है। राधाकृष्णन ने उस आंदोलन की हिंसक तपिश को महसूस किया है। इसके बावजूद हिंदी सीखना उनकी चाहत रही है। हिंदी विरोध की आंच में पली-बढ़ी तमिलनाडु की एक पूरी पीढ़ी आपसी बातचीत में मानती है कि उसने क्या खोया है। वह पीढ़ी अब प्रौढ़ावस्था के उतरार्ध की ओर बढ़ रही है। वह मानती है कि अगर हिंदी विरोध की आंच से झुलसने का उसे अंदाजा होता तो हिंदी के विरोध में वह अपनी जिंदगी और अपने सपनों को होम नहीं करती। राज्यपाल ने वैसे कुछ ऐसा नहीं बोला है, जिसे तूल दिया जा सके। उन्होंने कहा है कि किसी को पीटने के बाद क्या वह तत्काल मराठी बोलने लगेगा। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। सीपी राधाकृष्णन 1998 और 1999 में लगातार दो बार कोयंबटूर से चुने गए थे। उन दिनों वे तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष भी रहे। उसी दौर की एक घटना का जिक्र उन्होंने अपने बयान में किया है। इस बयान में उन्होंने कहा है कि एक बार वे तमिलनाडु में कहीं जा रहे थे तो तमिल न बोलने के चलते कुछ हिंदीभाषी लोगों के साथ स्थानीय भाषा आंदोलनकारी मारपीट कर रहे थे। जिसके लिए उन्होंने हिंदीभाषियों से माफी मांगी और तमिल बोलने की जिद्द करने वाले लोगों से कहा था कि क्या उनके हाथों पिट जाने के बाद कोई तत्काल तमिल बोल पाएगा। भारत की हर भाषा का सम्मान हो, हर भाषा को बोलने वालों का सम्मान हो, इस सोच को बढ़ावा देने की जरूरत है। भारत की हर भाषा एक-दूसरे से जुड़ी है। भारत की भाषाएं आपस में बहनें हैं। इनके बहनापा को बढ़ावा देने की जरूरत है। कोई भाषा श्रेष्ठ है या कोई भाषा कमजोर है, इसकी तुलना भी बेमानी है। बहुभाषी भारत में एक कहावत पूरी शिद्दत से कही जाती है कि कोसृ-कोस पर पानी बदले, तीन कोस पर बानी। इसका आशय साफ है कि कुछ ही दूरी पर भाषा का स्वरूप बदल जाता है। लेकिन क्या व्यक्ति इसका व्यवहार करना छोड़ देता है,क्या कुछ दूरी पर बदली भाषा से वह घृणा करने लगता है। भाषाओं की दुनिया किसी राष्ट्र की चौहद्दी नहीं हैं कि बाड़ लगाकर उन्हें रोक दिया जाएगा, भाषाओं का समाज नदी के पाट की तरह भी नहीं है कि उनके किनारों को बांध बनाकर रोक दिया जाएगा और उसके पानी को नियंत्रित कर लिया जाएगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5810

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5809

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5810

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| 16 | | | | ■ | 17 | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 18 | 19 | ■ | 20 | |
| 21 | 22 | 23 | ■ | 24 | 25 | | ■ |
| 26 | | | ■ | 27 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 7 सितंबर 1923 को यहां इंटरपोल की स्थापना हुई (3)
3. यह देश पहले फारमूसा कहलाता था जिसकी राजधानी ताइपे है (4)
6. उत्तराखंड या उत्तरप्रदेश में बहने वाली एक नदी जिसे महाकाली नदी या कालीगंगा के नाम से भी जाना जाता है (3)
7. हाथ, हस्त, महसूल (2)
8. कीडों द्वारा निर्मित एकमात्र पदार्थ जो इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
10. एक बार सांस लेने का समय, बल, शक्ति (2)
12. यह संसार की सबसे लंबी नदी है (लंबाई 6650 कि.मी. चौड़ाई 16 कि.मी.)(2)
14. पुनरागत, लौटा हुआ (3)
16. कूटयुक्तिकर्ता, जुगतबाज (4)
17. खुदकाश्त कृषि, घरजोत (2)
18. मटमैले रंग का प्रसिद्ध धातु (2)
20. पत्नी, लक्ष्मी, सरस्वती, स्त्री (2)
21. भगवान विष्णु का पांचवा अवतार (3)
24. भार माप, महत्व (3)
26. भिक्षा झोली, आंचल (2)
27. मुर्गे आदि पक्षी के सिर पर परों का गुच्छा (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. विदेश के लिए बनाई आचार व्यवहार संबंधी नीति (5)
2. जो खुश न हो, अप्रसन्न, खिन्न (3)
3. कुल संख्या, गणना, गिनती, हिसाब (3)
4. वाक्य का अपभ्रंश वाणी (3)
5. एक प्रकार का फूल (4)
9. कंठ, गले की नली (3)
11. गढ़पति, किलेदार (3)
13. शिष्टता, विवेक, तहजीब, सभ्यता (3)
15. आज्ञा, अनुमति इजाजत,अध्यादेश (5)
19. स्तुति करने वाले को यह भी कहते है (3)
21. वचन, इकरार, प्रतिज्ञा (2)
22. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
23. महिला ईसाई पादरी (2)
25. पंच तत्वों में एक, आब, नीर (2)

### वर्ग पहेली 5809 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पे | इ | विं | ग | ■ | सु | ल | ह |
| रा | त | ■ | या | मि | नी | ■ | स |
| ई | रा | न | ■ | ल | ल | का | र |
| ■ | ना | ज | नी | न | ■ | म | त |
| मे | ■ | फ | र | सा | ■ | ना | ज |
| घ | न | ■ | द | र | मा | ■ | य |
| दू | भ | र | ■ | ■ | ■ | रि | पु |
| त | ■ | वि | श्व | ■ | सं | त | री |

# आज का राशिफल

### मेष
आज संयम के साथ काम करने से आपको सफलता मिलेगी। जो लोग राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए हैं उन्हें अपने प्रयासों का अब शुभ परिणाम प्राप्त हो सकता है। शासन और सत्ता अच्छी दोस्ती या बातचीत होने से आपको लाभ मिल सकता है। कार्यस्थल नए प्रोजेक्ट हाथ लग सकते हैं, जिससे प्रतिष्ठा और पद में वृद्धि होगी। हालांकि, रात में कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात हो सकती है।

### वृष
आज दिन अच्छा रहने वाला है। अगर आपका कोई काम लंबे समय से बीच में अटका हुआ है, तो वह शाम के समय पूरा हो सकता है, जिससे मानसिक तनाव कम होगा। जीवनसाथी का भी आपको पूरा सहयोग प्राप्ति होगा। आर्थिक मामले में दिन सामान्य रहने वाला है। लेकिन संतान की ओर से कोई ऐसा समाचार मिल सकता है, जिससे मन थोड़ा परेशान रहेगा।

### मिथुन
आज दिन भाग्यशाली रहने वाला है और पराक्रम में वृद्धि कराने वाला होगा। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में आपके द्वारा किए गए प्रयासों से अब बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। यह आपके अपेक्षा से ज्यादा हो सकती है। अगर किसी कानूनी विवाद में फंसे थे तो अब आपको जीत मिल सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

### तुला
आज दिन शुभ रहने वाला है। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में सफलता के नए मार्ग खुलने लगेंगे। साथ ही, समाज में भी आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए सुखद और लाभदायक हो सकती है। शाम के समय आप अपने प्रियजनों से मिल सकते हैं या उनसे जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

### वृश्चिक
आज विरोधी आपके काम और रचनात्मक सोच की प्रशंसा करेंगे। शासन व सत्ता पक्ष से अच्छी जान पहचान और बातचीत होने से आपको बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामले में आपको ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन का सहयोग मिल सकता है। शाम को आप किसी कार्यक्रम में भी शामिल हो सकते हैं। ऐसे में विवाद से बचें और सावधान रहें। ऐसे में अगर संभव हो तो अभी के लिए यात्राओं को टाल दें।

### धनु
आज सूर्य कर्क राशि द्वादश भाव में है। इससे नौकरी में आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनने शुरू हो सकते हैं। वहीं, कार्यस्थल पर अपनी मधुर वाणी से आपको सम्मान प्राप्त होगा और मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही, आपके विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। इस राशि के विद्यार्थियों को शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिल सकती है।

### कर्क
आज आपको सावधान रहने की जरूरत होगी, अन्यथा कोई मूल्यवान वस्तु खोने या चोरी होने का डर बना रहेगा। अगर कार्यक्षेत्र में आपके जरूरी काम रुके हुए थे तो अब वे पूरे होने लगेंगे। आपको अपने प्रोजेक्ट से जुड़ा को शुभ समाचार भी सुनने को मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। रात में किसी मांगलिक कार्य में जाने की संभावना है।

### सिंह
आज दिन बेहतर रहने वाला है। आपके चारों और खुशहाली भरा वातावरण बना रहेगा। आर्थिक मामलों में अगर कई दिनों से पैसों की लेन-देन को लेकर समस्या चल रही थी तो अब वह हल हो सकती है। इससे आपको अब पर्याप्त मात्रा में धन लाभ भी होगा और सुख में वृद्धि होगी। व्यापार में किसी पास या दूर की यात्रा की योजना बनकर स्थगित हो सकती है।

### कन्या
आज पराक्रम में वृद्धि होगी। जरूरी मामलों में परिवार का भी पूरा सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार करने वालों को अपने आसपास के छोटे-छोटे अवसरों को भी पहचानना होगा। बड़े मुनाफे के चक्कर में छोटे लाभों को हाथ से जाने देना नुकसानदायक हो सकता है। सेहत पर भी खास ध्यान देने की जरूरत है।

### मकर
आज दिन अच्छा रहने वाला है। आर्थिक मामलों में आपको सफलता प्राप्त हो सकती है और कार्यक्षेत्र में नए प्रोजेक्ट और प्रयास उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर आपको सहकर्मियों की ओर से भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। लेकिन शाम के समय किसी भी विवाद या झगड़े से आपको दूर रहना होगा। पारिवारिक जीवन में भी खुशियां दस्तक दे सकती हैं।

### कुंभ
आज आपको अपने ससुराल पक्ष से पैसों की लेन-देन करने से बचना होगा। ऐसा करने से संबंध खराब होने का भय बना रहेगा। व्यापार से जुड़ी यात्राओं में सावधान रहने की जरूरत है, अन्यथा को मूल्यवान वस्तु खोने की संभावना है। ऐसे में अगर संभव हो तो अभी के लिए यात्राओं को टाल दें। आपका ज्यादा समय संतान की चिंता और उनके कामों में व्यतीत हो सकता है और दांपत्य जीवन में धीरे-धीरे खुशियां आएंगी।

### मीन
आज कार्यक्षेत्र में आपको विरोधियों से सावधान रहना होगा। वे आपके खिलाफ कोई रणनीति बना सकते हैं। साथ ही, आर्थिक मामलों में भी समय अनुकूल नहीं रहेगा। ऐसे में कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें और जोखिम भरे निर्णय लेने से बचें। कार्यस्थल पर मेहनत के बाद भी आपको नुकसान हो सकता है। व्यापार में किसी समाचार के चलते आपको अचानक यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है।

# गरियाबंद में नशे के खिलाफ बड़ा अभियान: कलेक्टर की अगुवाई में समन्वय समिति की अहम बैठक, हर मोर्चे पर कार्रवाई के निर्देश

## स्कूल–कॉलेज के पास नशा बेचने वालों की खैर नहीं, दीवार लेखन, मुनादी और हेल्पलाइन से होगा नशामुक्ति का प्रचार

**गरियाबंद (गंगा प्रकाश)।** गरियाबंद जिले में नशे के विरुद्ध चल रही मुहिम को और तेज करते हुए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर बी.एस. उइके एवं पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा ने संयुक्त रूप से एनकॉर्ड जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक ली। इस बैठक में नशीली औषधियों और मन:प्रभावी पदार्थों की अवैध बिक्री और उपयोग पर सख्त नियंत्रण के लिए बहुस्तरीय रणनीति तैयार की गई।

### हर विभाग को मिली जिम्मेदारी, हर गली-मुहल्ले में पहुंचेगी चेतावनी

कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि नशीले पदार्थों की रोकथाम सिर्फ एक विभाग का काम नहीं, बल्कि समूचे सरकारी तंत्र का दायित्व है। समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, ग्राम पंचायत, आबकारी और पुलिस विभाग को मिलकर कार्यवाही करनी होगी।

उन्होंने कहा कि स्कूल–कॉलेजों के 100 मीटर दायरे में किसी भी प्रकार के तंबाकूयुक्त व नशीली वस्तुओं की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए, और इसके उल्लंघन पर कोटपा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

### नशे के खिलाफ जन-जागरण: गांव-गांव मुनादी, दीवारों पर चेतावनी, हेल्पलाइन नंबर भी जारी

बैठक में जिले के प्रत्येक गांव, मोहल्ले, स्कूल और चौक–चौराहों पर



दीवार लेखन के जरिए नशे के खिलाफ चेतावनी देने और नशामुक्ति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मुनादी के माध्यम से भी ग्रामीण इलाकों में सूचना प्रसारित की जाएगी।

लोग अब सीधे नशे की गतिविधियों की रिपोर्ट टोल फ्री नंबर 1933 (मानस हेल्पलाइन) या 14446 (नशामुक्ति सहायता) पर कर सकेंगे। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी गरियाबंद पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94792-25884 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### दवा दुकानों पर औचक निरीक्षण, सीमाओं पर बढ़ेगी निगरानी

कलेक्टर ने औषधि नियंत्रण विभाग को निर्देश दिए कि जिले में स्थित दवा दुकानों की औचक जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं नशीली दवाएं बिना पर्चे के तो नहीं बिक रही हैं।

सीमा क्षेत्रों पर अवैध दवा व नशीली वस्तुओं की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे, नाके और बैरियरों पर निगरानी बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं। पुलिस को निर्देश मिला है कि वह संदिग्ध वाहनों की गहन जांच करे और तस्करों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे।

### स्पर्श क्लिनिक से नशे के पीड़ितों को मिलेगा उपचार

नशा करने वाले व्यक्तियों को मुख्यधारा में लाने के लिए स्पर्श क्लिनिक के माध्यम से इलाज व परामर्श सेवा देने के निर्देश भी दिए गए।

### समन्वय समिति की बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर, समाज कल्याण उप संचालक डी.पी. ठाकुर, महिला एवं बाल विकास के अशोक पांडेय, औषधि नियंत्रण विभाग के सहायक नियंत्रक संजय राजपूत सहित कई विभागीय अधिकारी और समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### अंतिम बात: अब नशे के सौदागरों को नहीं बख्शा जाएगा

कलेक्टर ने दो टूक कहा ङ्क अब नशे के खिलाफ जंग केवल नारे तक सीमित नहीं रहेगी, यह जनआंदोलन बनेगी। जिले में नशा फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की अब कोई जगह नहीं होगी।

गरियाबंद अब तैयार है — नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए।

# फिंगेश्वर में गूंजा कानून का बिगुल: बच्चों को मिली पास्को एक्ट और साइबर सुरक्षा की बारीक समझ, विधिक जागरूकता शिविर में उमड़ा जनसैलाब!



PURAN LAL SAHU

**फिंगेश्वर/गरियाबंद (गंगा प्रकाश)।** फिंगेश्वर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में शुक्रवार को एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों को पास्को एक्ट, साइबर अपराध, और नालसा की योजनाओं की जानकारी देकर कानून के प्रति सजग और सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया गया। यह शिविर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन में, तथा जिला सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर और सचिव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन थाना राजिम की पैरा लीगल वालेंटियर कोमल निषाद ने किया, जिन्होंने अपने सरल लेकिन प्रभावशाली वक्तव्य से मौजूद सभी प्रतिभागियों को विधिक ज्ञान की गहराई से रूबरू कराया।

**क्या-क्या मिली जानकारी–** कोमल निषाद ने नालसा की विधिक सहायता योजना, संवाद योजना, डॉन ड्रग्स योजना, आवाज़ उठाओ योजना, मुक्त कानूनी सहायता योजना, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, तथा सबसे महत्वपूर्ण पास्को एक्ट (क्क्ष्टस्ह ष्ह्ल) के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों की रोकथाम के लिए पास्को एक्ट एक सशक्त कानूनी ढांचा प्रदान करता है, जिसे जानना बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने साइबर अपराध की बदलती प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को साइबर सेफ्टी टिप्स दिए ङ्क जैसे अनजान लिंक न खोलना, ओटीपी किसी को न बताना, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी न साझा करना आदि। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), महिला हेल्पलाइन (1091), वरिष्ठ नागरिक सहायता नंबर, और नालसा की हेल्पलाइन सेवा के बारे में जानकारी दी।

**शिक्षा से पहले सुरक्षा–** कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित संस्था के प्राचार्य श्री पूरन लाल साहू ने कहा – विधिक जागरूकता से छात्रों के समग्र विकास को नई दिशा मिलती है। यह न सिर्फ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाता है, बल्कि कर्तव्यों की समझ भी विकसित करता है। कानून की जानकारी समाज को सशक्त बनाती है और राष्ट्र को न्याय के मार्ग पर अग्रसर करती है।

### शिक्षकों और छात्रों की उत्साही भागीदारी

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ङ्क व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, नकुल साहू, रुद्रप्रताप साहू, तोमन साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने शिविर में बढ़–चढ़कर भाग लिया और सवाल–जवाब सत्र में अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं।

**विशेष बात:–** गांव और कस्बों में ऐसे विधिक जागरूकता शिविरों की आवश्यकता पहले से कहीं ज्यादा है, जहां बच्चों को सिर्फ शिक्षा ही नहीं बल्कि सुरक्षा, अधिकार और कानूनी विकल्पों की समझ भी दी जाए। इस दिशा में फिंगेश्वर का यह शिविर एक प्रेरणादायी पहल के रूप में सामने आया है।

# पंडित रविशंकर शुक्ल एवं विद्याचरण शुक्ल की जयंती पर फिंगेश्वर में भावभीनी श्रद्धांजलि, कांग्रेसी नेताओं ने याद किए ऐतिहासिक योगदान

**फिंगेश्वर/गरियाबंद (गंगा प्रकाश)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, मध्यप्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ के गौरव पंडित रविशंकर शुक्ल तथा झीरम घाटी में शहीद हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विद्याचरण शुक्ल की जयंती पर नगर कांग्रेस फिंगेश्वर द्वारा रेस्ट हाउस परिसर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित किए।

**स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत और छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि थे रविशंकर शुक्ल : राजेंद्र सूर्यवंशी**

नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र



सूर्यवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, पंडित रविशंकर शुक्ल जी ने न केवल स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई, बल्कि छत्तीसगढ़ अंचल में आजादी की अलख जगाई। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की आवाज देश के बड़े मंचों तक पहुँची। उनके कार्य, त्याग और दूरदृष्टि आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। विद्याचरण शुक्ल का विकासवादी दृष्टिकोण देश के लिए अमूल्य धरोहर : ओमप्रकाश बंछोर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बंछोर ने कहा, झीरम घाटी के अमर शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश की राजनीति में दूरदर्शी नेता के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने दूरगामी सोच के साथ अनेक परियोजनाओं की नींव रखी, जो आज भी प्रदेश की रीढ़ बनी हुई हैं। उनका बलिदान और योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा।

**श्रद्धांजलि देने उमड़े कांग्रेस कार्यकर्ता**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने दोनों महापुरुषों के चरणों में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र धनराज सूर्यवंशी, ओमप्रकाश बंछोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह ठाकुर, डोंगर सिंह मरकाम, कमल यदु, अनिल चंद्राकर, चंद्रमणि चंद्राकर, अतुल श्रीवास्तव, तेजेश यदु, टिकेश साहू, मनोज सोनवानी, युवराज सिन्हा, जेठू बंजारे, विशेलाल साहू, लक्ष्मण मांडले, छगन रात्रे, डोमार ध्रुव समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम का संदेश**

इस आयोजन के माध्यम से एक बार फिर यह स्पष्ट हुआ कि छत्तीसगढ़ की राजनीतिक और सामाजिक चेतना में पंडित रविशंकर शुक्ल और विद्याचरण शुक्ल का योगदान अमिट है। यह आयोजन उनके विचारों, मूल्यों और समर्पण को आगे बढ़ाने का संकल्प भी था।

# गरियाबंद की नन्हीं बुलबुलों ने राज्य स्तरीय शिविर में बिखेरी प्रतिभा की चमक – छत्तीसगढ़ की संस्कृति से गूंजा बिलासपुर का मंच

**गरियाबंद (गंगा प्रकाश)।** छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा बिलासपुर के नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय, सरकंडा में आयोजित राज्य स्तरीय कब–बुलबुल हीरख पंख एवं बुलबुल उत्सव में गरियाबंद जिले की बेटियों ने अपने उत्साह, कला और अनुशासन से नया कीर्तिमान रच दिया। यह चार दिवसीय शिविर 14 जिलों के प्रतिभागियों की उपस्थिति में रंग–बिरंगे कार्यक्रमों से सजीव हो उठा, जहां गरियाबंद की टीम ने अपनी सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मक ऊर्जा से सबका दिल जीत लिया।

**राज्य के निर्देश पर गरियाबंद की सक्रिय भागीदारी–** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव और राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार राज्य के 14 जिलों से चयनित बुलबुल हीरख पंख और उत्सव प्रतिभागियों को इस आयोजन में भाग लेने हेतु निर्देशित किया गया था। गरियाबंद जिले से जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर और जिला सचिव रोमन साहू के मार्गदर्शन में टीम को रवाना किया गया। डीओसी स्काउट आशीष कुमार और डीओसी गाइड



सीमा साहू के नेतृत्व में यह टीम राज्य स्तरीय आयोजन में गरियाबंद जिले का प्रतिनिधित्व कर रही है।

**लालपुर की बुलबुलें बनीं आकर्षण का केंद्र–** शासकीय प्राथमिक शाला, लालपुर से कुल छह बालिकाएँ, जिनमें तीन हीरख पंख और तीन बुलबुल उत्सव प्रतिभागी सम्मिलित थीं, स्कूल प्रभारी श्रीमती दिव्या रानी यादव के नेतृत्व में इस शिविर में पहुंचीं। प्रतिभागी छात्राओं में कुमारी काजल यादव, ज्योति निषाद, ट्विंकल निषाद, दीक्षा यादव, गौरी यादव, और गोमती यादव शामिल रहीं। इन सभी ने विविध गतिविधियों में पूरे मनोयोग से भाग लिया।

**कला, अनुशासन और संस्कृति का अद्भुत संगम–** चार दिवसीय शिविर में बच्चों को कब बुलबुल अभिवादन, बड़ी सलामी, जंगल नृत्य, तारा की कहानी, सिक्स कॉर्नर, बुलबुल ट्री, स्टोरी टेलिंग, प्ले एक्टिंग, मॉडल मेकिंग, पेपर कटिंग, ड्राइंग–पेंटिंग, ग्रुप सॉन्ग, ग्रुप डांस, लाल फूल, कलरव जैसी बहुआयामी गतिविधियों से न केवल स्काउट–गाइड संस्कृति की समझ दी गई, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

**गरियाबंद की बेटियाँ बनीं जिले की पहचान की वाहक–** शिविर में गरियाबंद की टीम ने स्थानीय पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, नारा और गीतों के माध्यम से अपने जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। बच्चों के साथ–साथ उनके पालक एवं अभिभावकों में भी उत्साह और गर्व की भावना देखने को मिली।

**नन्हें कदम, बड़े सपने–** शिविर का अनुभव न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला साबित हुआ, बल्कि उन्होंने अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व और रचनात्मकता के गुण भी आत्मसात किए। डीओसी स्काउट आशीष कुमार ने कहा, बुलबुलों की ऊर्जा और रचनात्मकता देखकर लगता है कि ये भविष्य की लीडर्स हैं, जो गरियाबंद को एक नई पहचान दिलाएंगी। यह शिविर एक बार फिर यह सिद्ध करता है कि प्राथमिक शिक्षा स्तर पर बच्चों के भीतर छिपी क्षमताएं यदि सही मंच मिले तो राज्य और देश का नाम रौशन कर सकती हैं।

## चरभट्टी में गूंजा राष्ट्रगौरव का जयघोष

# पं. रविशंकर शुक्ल एवं शहीद विद्याचरण शुक्ल की जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

**फिंगेश्वर/गरियाबंद(गंगा प्रकाश)।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चरभट्टी में शनिवार को ऐतिहासिक गरिमा और गौरव के साथ छत्तीसगढ़ के गौरवशाली सपूतों—स्वर्गीय पंडित रविशंकर शुक्ल एवं शहीद विद्याचरण शुक्ल की जयंती मनाई गई। यह आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर के अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें कांग्रेसजनों के साथ–साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात आयोजित सभा में उनके जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

**छत्तीसगढ़ की आत्मा थे पं. रविशंकर शुक्ल — रूपेश साहू–** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने पंडित शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि – स्वर्गीय पंडित रविशंकर शुक्ल न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक महान योद्धा थे। उन्होंने



छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता की अलख जगाई और आजादी की लड़ाई में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि पं. शुक्ल एक महान शिक्षाविद् भी थे, जिनके प्रयासों से रायपुर में संस्कृत, आयुर्वेद, विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उच्च शिक्षा की नींव रखी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना से लेकर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की स्थापना तक, उनके योगदान अमिट हैं। रूपेश साहू ने यह भी कहा कि आज पंडित शुक्ल की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में उनकी स्मृति में पं. रविशंकर शुक्ल सम्मान की स्थापना कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

**शहीद विद्याचरण शुक्ल को भी दी गई श्रद्धांजलि**

कार्यक्रम में शहीद विद्याचरण शुक्ल, जो भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके थे, को भी याद किया गया। उनकी राजनीतिक समझ, पत्रकारिता प्रेम और लोकतंत्र के लिए संघर्ष को नमन करते हुए वक्ताओं ने उन्हें युगदृष्टा कहा।

**जनसैलाब में बदला कार्यक्रम स्थल**

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चरभट्टी के सरपंच डॉ. राजेंद्र साहू, रोहित साहू, जोन अध्यक्ष सुघरमल आडे, सतनामी समाज के अध्यक्ष तुलेश्वर, गीत लहरे, ईश्वर साहू, शेखर साहू बेलर सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण जन उपस्थित थे। आयोजन स्थल पर लोगों की उमड़ी भीड़ ने कार्यक्रम को एक जनमहोत्सव का रूप दे दिया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम भी बने आकर्षण का केंद्र**

कार्यक्रम के पश्चात स्थानीय युवाओं और महिला मंडल द्वारा देशभक्ति गीत, लोकगीत एवं शहीदों को समर्पित नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं, जो उपस्थित जनसमूह की आंखें नम कर गईं।

चरभट्टी में पं. रविशंकर शुक्ल और शहीद विद्याचरण शुक्ल की जयंती केवल एक स्मृति आयोजन नहीं, बल्कि जनचेतना का संगम था। यह आयोजन युवाओं में देशभक्ति, शिक्षा और जनसेवा की भावना को पुनर्जीवित करने का माध्यम बना।

## एशिया कप, भारत-पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई में खेलेंगे, फाइनल समेत सुपर-4 के एक मैच को छोड़कर सभी मैच यहीं होंगे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को मेंस एशिया कप के मुकाबलों के लिए वेन्यू का ऐलान कर दिया। हालांकि, शेड्यूल का ऐलान पहले ही किया जा चुका था। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितंबर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। ऐसे में रविवार (21 सितंबर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।

## ओवल टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के शतक के पीछे रोहित शर्मा का हाथ! ना ऐसा कहते, ना शतक बनता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ कैनिंग्टन ओवल टेस्ट में भारतीय टीम के दमदार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 118 रन की पारी खेली. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान इंग्लैंड के किसी भी गेंदबाज को नहीं छोड़ा और सभी की जमकर क्लास लगाई. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 14 चौके और दो छक्के लगाए. तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद भारतीय खिलाड़ी ने मैच के दौरान रोहित शर्मा के साथ हुई बातचीत को लेकर बड़ा खुलासा किया. रोहित शर्मा की बात की जाए तो वो टीम इंडिया को चीयर करने के लिए कैनिंग्टन ओवल स्टेडियम पहुंचे हुए थे. खेल के तीसरे दिन उन्हें खिलाड़ियों से भी बातचीत करते हुए देखा गया. अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें यशस्वी जायसवाल कह रहे हैं, विकेट मुझे थोड़ा मुश्किल लग रहा था क्योंकि वहां पर गेंद का मूवमेंट हो रहा था. रोहित भाई की बात की जाए तो मैंने उन्हें देखा और हेलो बोला. उन्होंने मुझे यही मैसेज दिया कि खेलते रहना. तो वो बस यही था. रोहित शर्मा की बात की जाए तो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले उन्होंने टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है जिसकी वजह से शुभमन गिल को उनकी जगह कप्तान बनाया गया. सिर्फ रोहित शर्मा ही नहीं विराट कोहली ने भी टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. उन्होंने भी इस सीरीज के शुरू होने से पहले ये फैसला लिया.

## कोपा अमेरिका फैमिनाः ब्राजील फुटबॉल टीम फिर चैंपियन, नौवीं बार जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना का खिताब




**क्विटो (इक्वाडोर), एजेंसी।** छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई। लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राज़ील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया।

**World Championship of Legends 2025: साउथ अफ्रीका बना चैंपियन**

# एबी डिविलियर्स के तूफान में उड़ा पाकिस्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका चैंपियंस का सामना पाकिस्तान चैंपियंस के साथ एजबेस्टन, बर्मिंघम में हुआ। इस मैच में एबी डिविलियर्स की तूफानी नाबाद शतकीय पारी के दम पर प्रोटियाज ने पाकिस्तान को 9 विकेट से हरा दिया और वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 का खिताब अपने नाम किया।

इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था और फिर 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 196 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट पर 197 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस हार के साथ ही मोहम्मद हफीज की कप्तानी में पाकिस्तान का चैंपियन बनने का सपना टूट गया और इस टीम को उप-विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

**पाकिस्तान की पारी, शरजील खान ने खेली 76 रन की पारी**

पाकिस्तान की तरफ से ओपनर बल्लेबाज शरजील खान ने अपनी टीम के लिए सबसे बड़ी पारी खेली और उन्होंने 44 गेंदों पर 4 छक्के और 9 चौकों की मदद से 76 रन की पारी खेली। कामरान अकमल 2 रन पर आउट हुए जबकि कप्तान मोहम्मद हफीज ने 17 रन तो शोएब मलिक ने 20 रन बनाए। उमर अमीन ने 19 गेंदों पर नाबाद 36 रन की पारी खेली जबकि आसिफ अली ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए। आमिर यामीन 2 रन की पारी खेलकर नाबाद रहे। साउथ अफ्रीका के लिए पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए जबकि ओलिवियर को एक सफलता मिली।

**साउथ अफ्रीका की पारी, एबी ने 47 गेंदों पर लगाया शतक**

साउथ अफ्रीका के लिए ओपनर हाशिम अमला ने 18 रन बनाए। एबी डिविलियर्स ने पहले 24 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और फिर उन्होंने 47 गेंदों पर शतक पूरा किया जो इस टूर्नामेंट में उनका तीसरा शतक भी रहा। एबी ने पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में 60 गेंदों पर 7 छक्के और 12 चौकों की मदद से नाबाद 120 रन की पारी खेली जबकि डुमिनी ने उनका पूरा साथ दिया और उन्होंने 28 गेंदों पर 2 छक्के और 4 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की तरफ से एकमात्र विकेट सईद अजमल को मिला।

## पीसीबी का बड़ा फैसला, अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाकिस्तान

**भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन; साउथ अफ्रीका चैंपियन बना**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पिछले सीजन पाकिस्तान को हराकर वर्ल्ड चैंपियंनशिप ऑफ लीजेंड्स का खिताब जीता था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इनकार कर दिया था। इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की । पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संचालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।

**कप्तान गिल और अन्य ने आकाश दीप के अर्धशतक की अहमियत बताई**

# यह शतक से कम नहीं...



**लंदन (यूके), एजेंसी।** आकाश दीप इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले जा रहे अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन देर रात चौथे नंबर पर नाइट वॉचमैन के तौर पर उतरे। बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि वह ज़्यादा देर तक टिकेंगे, लेकिन तीसरे दिन के अंत तक, इस तेज गेंदबाज ने 94 गेंदों पर 66 रनों की निर्णायक पारी खेली जिसका अहम योगदान भारत को 396 रनों का स्कोर बनाने में मदद कर सका।

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया, जहां सभी ने आकाश की बल्लेबाजी पर अपने विचार साझा किए। आकाश ने बल्लेबाजी के लिए जाने से पहले अपनी मानसिकता की एक झलक साझा की। उन्होंने कहा, जब मैं कल रात सोने गया, तो मेरी मानसिकता यही थी कि मैं आउट नहीं होना चाहता। अगर गेंद मुझे आउट भी कर दे, तो भी मैं आउट नहीं होना चाहता। अगर गेंद शरीर पर भी लगे, तो भी मैं खेलना चाहता हूं।

आकाश ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ 107 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, बेहतरीन बल्लेबाजी की और इंग्लिश आक्रमण को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा, जहां गेंद को खेलने की जरूरत थी, हमने जशू (यशस्वी जायसवाल) के साथ 100 रनों की साझेदारी की। इसलिए यह मेरे लिए बहुत खास है। अर्धशतक तो खास है ही, उससे भी ज्यादा खास है वो दो घंटे जो मैंने सुबह टीम के लिए खेले, वो। दूसरी तरफ से मुकाबला देख रहे जायसवाल ने अपने साथी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की वो कमाल की है। हम बीच में अच्छी बातचीत कर रहे थे। हां, मुझे उम्मीद है कि वो हमारे लिए ऐसा करते रहेंगे।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल आकाश की पारी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। भारतीय कप्तान ने कहा, काफी समय से हम आपस में मजाक करते आ रहे हैं। बल्लेबाज गेंदबाजों को योगदान देने के लिए कहते रहते हैं। आज सुबह जब वह बल्लेबाजी करने गए, तो हमने उनसे एक बात कही, अगर कोई गेंद आपके रडार में है, तो उसका पूरा इस्तेमाल करने की कोशिश करो। मुझे लगता है कि उनके 66 रन किसी शतक से कम नहीं हैं।

## जेसन होल्डर की मदद से वेस्टइंडीज की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत

**लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी।** जेसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को 9 विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।



**नेशनल बैंक ओपनः**

## विक्टोरिया एमबोको ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर, गत चैंपियन पोपिरिन क्वार्टर फाइनल में

**मांट्रियल, एजेंसी।** कजाखस्तान की नौंवी वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी। कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए शनिवार को यहां नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है।




फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को हुए मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे।

# साइना नेहवाल ने तलाक का फैसला लिया वापस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने 14 जुलाई, 2026 को अपने पति पारुपल्ली कश्यप से अलग होने का फैसला किया था, लेकिन अब इस कपल ने अपने फैसले को वापस ले लिया है. बैडमिंटन प्लेयरसाइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप अपने रिश्ते को एक और मौका देना चाहते हैं. साइना नेहवाल ने आज शानिवार, 2 अगस्त को अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी शेयर की.

**पति पारुपल्ली कश्यप के साथ रिश्ते को दिया एक और मौका**

**साइना नेहवाल ने 19 दिन में बदला फैसला**

साइना नेहवाल ने 19 दिन पहले 13 जुलाई की रात को इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करके अपने पति पारुपल्ली कश्यप से अलग होने का ऐलान किया था. साइना नेहवाल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था कि जिंदगी हमें कभी-कभी अलग-अलग रास्तों पर ले जाती है. बैडमिंटन प्लेयर ने आगे लिखा था कि मैंने और पारुपल्ली कश्यप ने काफी सोचने के बाद अलग होने का फैसला किया है. हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और बेहतर जीवन चुनना चाहते हैं. मैं अब तक ही सभी यादों के लिए खुद को भाग्यशाली मानती हूं और इसके बदले में कुछ नहीं चाहती. साइना नेहवाल ने आगे लिखा था कि हमारी बात समझने के लिए शुक्रिया और हमारी प्राइवेसी का भी ध्यान रखिएगा.

साइना नेहवाल ने अपने इस पोस्ट के 19 दिन बाद ही पारुपल्ली कश्यप के साथ रिश्ते को एक और मौका दिया है. साइना ने इस पोस्ट में अपने पति के साथ फोटो शेयर की है.

इस फोटो में वे पहाड़ों में घूमते नजर आ रहे हैं. इस तस्वीर के साथ साइना नेहवाल ने लिखा कि कभी-कभी दूरियां आपको लोगों की अहमियत बता देती हैं. यहां हम दोनों हैं और फिर एक बार कोशिश कर रहे हैं. इस पोस्ट को साइना नेहवाल ने पारुपल्ली कश्यप के साथ कोलैबोरेशन में शेयर किया है.

**इंडिया-इंग्लैंड टेस्टः**

# रविंद्र जडेजा इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय की लिस्ट में नंबर 3 पर पहुंचे, गावस्कर-स्टीव वॉ का यह रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट मैच की पहली पारी में रविंद्र जडेजा ने 9 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने काफी अच्छी बैटिंग की और 77 गेंदों पर 5 चौकों के साथ 53 रन की अहम पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बनाए जिसमें जडेजा का भी अहम योगदान रहा।

जडेजा ने अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दम पर कुछ शानदार रिकॉर्ड्स अपने नाम किए और वो अब इंग्लैंड में भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए और सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया साथ ही एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में 5वें नंबर पर आ गए और स्टीव वॉ को पीछे छोड़ दिया। रविंद्र जडेजा अब भारत की तरफ से इंग्लैंड की धरती पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए। जडेजा ने इंग्लैंड की धरती पर अब तक टेस्ट में 33 पारियों में 1158 रन बनाए हैं जबकि गावस्कर ने 28 पारियों में 1152 रन बनाए थे। इस लिस्ट में 1575 रन के साथ सचिन तेंदुलकर पहले स्थान पर हैं जिन्होंने ये रन 30 पारियों में बनाए थे।

**इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स**

1575 रन - सचिन तेंदुलकर (30)
1376 रन - राहुल द्रविड़ (23)
1158 रन - रविंद्र जडेजा (33)
1152 रन - सुनील गावस्कर (28)
1146 रन - केएल राहुल (28)
1096 रन - विराट कोहली (33)
1035 रन - ऋषभ पंत (24)



**स्टीव वॉ से आगे निकले जडेजा**

एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में जडेजा अब 5वें नंबर पर आ गए और स्टीव वॉ को पीछे छोड़ दिया। जडेजा ने इस टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ 516 रन बनाते हुए वॉ को पीछे छोड़ा। वॉ ने 1989 में इंग्लैंड के खिलाफ ही एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए 506 रन बनाए थे।

एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन (नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए)

722 रन - गैरी सोबर्स बनाम इंग्लैंड,1966
606 रन - डेनिस लिंडसे बनाम ऑस्ट्रेलिया,1966
562 रन - शिवनारायण चंद्रपॉल बनाम भारत, 2002
517 रन - वसीम राजा बनाम वेस्टइंडीज,1977
516 रन - रविंद्र जडेजा बनाम इंग्लैंड,2025
506 रन - स्टीव वॉ बनाम इंग्लैंड,1989

# आलिया भट्ट की इस फिल्म ने जीते थे 5 नेशनल अवॉर्ड्स



7.8 है IMDb रेटिंग

**आज हम आपको आलिया भट्ट की उस फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने नाम कुल 5 नेशनल अवॉर्ड्स किए हैं। आलिया की ये फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अजय देवगन भी नजर आए थे। पहचान कौन में हम आपको आलिया भट्ट की साल 2022 में रिलीज हुई हिट फिल्म के बारे में बता रहे हैं। इस फिल्म ने कुल 5 नेशनल अवॉर्ड्स जीते थे।**

फिल्म में आलिया भट्ट के साथ अजय देवगन नजर आए थे। ये पहली बार था जब अजय देवगन और आलिया किसी फिल्म में साथ नजर आए थे। क्या आप पहचान पाए फिल्म का नाम?अगर नहीं, तो चलिए हम आपको बताते हैं। इस फिल्म का नाम है गंगूबाई काठियावाड़ी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। आलिया भट्ट की इस फिल्म को संजय लीला भंसाली ने डायरेक्ट किया है। IMDb की मानें तो फिल्म ने कुल 50 अवॉर्ड्स अपने नाम किए थे। इनमें पांच नेशनल अवॉर्ड्स शामिल हैं। गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए आलिया भट्ट को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। बेस्ट स्क्रीनप्ले (डायलोग राइटर) का नेशनल अवॉर्ड भी इसी फिल्म को मिला था। बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट, बेस्ट स्क्रीनप्ले और बेस्ट एडिटिंग का नेशनल अवार्ड भी गंगूबाई काठियावाड़ी को मिला था। इस फिल्म का 70 पर्सेंट हिस्सा शूट हो जाने के बाद फिल्म को लॉकडाउन की वजह से होल्ड पर डालना पड़ा था। इस वजह से फिल्म की तय डेट से एक साल के बाद रिलीज हुई थी। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.8 है। फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## ईशा मालवीय को किस करते हुए अभिषेक कुमार की रोमांटिक फोटो वायरल



ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार का रिलेशन और ब्रेकअप काफी चर्चा में रहा था। दोनों शो यारियां के दौरान एक-दूसरे से मिले और प्यार हो गया। हालांकि शो के एंड होने से पहले दोनों का रिलेशन एंड हो गया। बिग बॉस में दोनों जब कंटेस्टेंट बनकर आए तो दोनों के बीच काफी लड़ाई हुई। दोनों शो के बाद एक-दूसरे को इग्नोर ही करते दिखे थे, लेकिन अब दोनों की एक रोमांटिक फ्लोर सामने आई है जिसे देखकर सभी हैरान हो गए हैं। दरअसल, दोनों का एक म्यूजिक वीडियो आ रहा है जिसका नाम है नि तू बार-बार। इस गाने का ही पोस्टर रिलीज किया गया है जिसमें ईशा, अभिषेक के क्लोज हैं और अभिषेक उनके माथे पर किस कर रहे हैं। ईशा ने एक बार कहा था, 'मैं उससे नहीं बोलती इतना कि प्लीज इधर आ जा, मैं तेरे साथ रहना चाहती हूं। जब मुझसे और हैंडल नहीं हुआ तो मैंने ब्रेकअप कर लिया। मैंने हमेशा यही कहा है कि मैं अभिषेक से दूर नहीं होना चाहती थी, लेकिन उसके एग्रेशन की वजह से मैं दूर हुई। अभिषेक की एग्रेशन और उसके साथ रिलेशन की वजह से मेरे करियर पर असर पड़ने लगा था और यह मैं बर्दाश्त नहीं कर सकती थी। मैं ऐसे इंसान के साथ नहीं रह सकती जो मेरी रिस्पेक्ट नहीं करता।



## चेहरे के पिम्पल को थूक लगाकर ठीक करती हैं तमन्ना भाटिया

### कहा- ये असरदार है

**बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने पिछले कुछ सालों में अपने सुपरहिट आइटम सांग्स से अलग फैन बेस तैयार किया है। ऐसा भी कहा जाता है कि अब मेकर्स अपनी फिल्मों में तमन्ना का एक गाना रखना तो जरूरी समझते हैं। अब हाल में तमन्ना एक न्यूज़ चैनल पर पहुंची हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि छोटे बच्चे उनका गाना देखे बिना खाना नहीं खाते थे। इसके अलावा जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि वो अपने चेहरे के पिम्पल को ठीक करने के लिए क्या करती हैं। इसके जवाब में एक्ट्रेस ने बताया कि वो थूक लगाकर अपने पिम्पल को ठीक करती हैं।**

दरअसल, तमन्ना भाटिया हाल में लल्लनटॉप के शो में पहुंची थीं। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपने पिम्पल ठीक करने का राज बताया जो न्यूज रूम में बैठे लोगों को पसंद नहीं आया। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें जब पिम्पल होता है तो वो थूक लगा लेती है और ये उनके लिए काफी असरदार रहा है। तमन्ना के इस घरेलू पिम्पल ट्रीटमेंट के बारे में सुनकर उनके फैंस जरूर हैरान हुए होंगे। इसके अलावा तमन्ना ने बताया कि उनके सॉन्ग आज की रात के हिट होने के बाद कई मदर्स के मैसेज आए थे। उन्होंने बताया कि उनके छोटे बच्चे बिना उनका गाना देखे खाना नहीं खाते थे। बाद में एक्ट्रेस ने सफाई भी कि इतने छोटे बच्चे होते हैं जिन्हें लिरिक्स समझ में नहीं आते। ऐसे में वो बस गाने का म्यूजिक एन्जॉय करते हैं जो गलत नहीं है। तमन्ना भाटिया ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने स्ट्रगल और पहचान बनाने को लेकर भी खुलकर बात की। एक्ट्रेस का ये इंटरव्यू उनके फैंस पसंद कर रहे हैं।

## सलमान और अक्षय ने किया इस फिल्म को रिजेक्ट, लगी शाहरुख के हाथ



**शाहरुख खान को हाल ही में फिल्म जवान के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला है। शाहरुख को 33 साल फिल्मों में काम करने के बाद यह पहला नेशनल अवॉर्ड मिला है। शाहरुख ने अपने करियर में कई कई हिट फिल्में दी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शाहरुख की एक फिल्म जिसे करने से पहले सलमान खान और अक्षय कुमार ने मना कर दिया था और जब किंग खान ने की तो वो ब्लॉकबस्टर थी। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं वो है बाजीगर। बाजीगर फिल्म में शाहरुख ने विलन का किरदार निभाया था। यह उनकी पहली फिल्म थी जिसमें उन्होंने नेगेटिव किरदार निभाया था। शाहरुख के साथ शिल्पा शेट्टी और काजोल लीड रोल में थे। हालांकि शाहरुख से पहले इस फिल्म को 2 एक्टर्स को अप्रोच किया था। राइटर रोबिन ने बताया था, एक दिन मुझे कॉल आया कि फिल्म अ किस बिफोर डाइंग का हिंदी रीमेक बनाया जाए।**

मुझे इसके लिए स्क्रीनप्ले लिखने को कहा और बताया कि अब्बास मस्तान इसे डायरेक्ट करेंगे। ऐसे जाकर फिर बनी फिल्म बाजीगर। इसके बाद उन्होंने बताया था कि जब राइटिंग उन्होंने खत्म कर दी तब तक यह डिसाइड नहीं हुआ था कि किसको कास्ट करना है। हम अक्षय के पास गए, उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद हम सलीम खान के बाद गए, सलमान के बारे में पूछने के लिए तो उन्होंने कहा कि सलमान ऐसी फिल्म क्यों करेगा। इसके बाद शाहरुख खान को अप्रोच किया गया। वह इस वक्त राजू बन गया जेंटलमैन के काम से आ थे। दोनों की मुलाकात हुई और रोबिन को एहसास हुआ कि शाहरुख थोड़े अलग हैं और उनकी सोच भी अलग है। शाहरुख ने स्क्रिप्ट सुनी और वह इसके लिए तैयार हो गए। लेकिन शाहरुख की एक कंडिशन थी कि वह तभी फिल्म करेंगे अगर स्क्रिप्ट ऐसी की ऐसी रहेगी। आप किरदार को जस्टिफाई करने की कोशिश नहीं करोगे इसके बाद 1993 में फिल्म रिलीज हुई जो कि सुपरहिट थी। इसमें काजोल, शाहरुख और शिल्पा के अलावा जॉनी लीवर और दलीप ताहिल भी थे। 2 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 13.53 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म के लिए शाहरुख को बेस्ट एक्टर, शिल्पा को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस, बेस्ट प्लेबैक सिंगर मेल के लिए कुमार सानू और बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर के लिए अनु कपूर को फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले थे।

## विक्की जैन की बर्थडे पार्टी में मनीषा रानी का जलवा

### तेजस्वी, ईशा, प्रियंका ने किया जमकर डांस



अंकिता लोखंडे और विक्की जैन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सबसे पॉपुलर कपल में से एक हैं। ये जोड़ी इंडस्ट्री में सबसे ग्रैंड पार्टी होस्ट करने के लिए मशहूर हैं, अंकिता की होली पार्टी खूब पॉपुलर है। अब विक्की जैन ने इंडस्ट्री के अपने दोस्तों के लिए एक ग्रैंड बर्थडे पार्टी भी होस्ट की जिसमें टीवी इंडस्ट्री के अधिकतर पॉपुलर चेहरे नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर पार्टी के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें सेलेब्स को विक्की जैन के साथ डांस करते हुए देखा जा सकता है। इस पार्टी में मनीषा रानी, तेजस्वी प्रकाश, खानजादी, अभिषेक, समर्थ जुरेल जैसे एक्टर्स नजर आ रहे हैं।



सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें पूल पास मनीषा रानी और तेजस्वी के साथ डांस करते दिख रहे हैं। अगले वीडियो में खानजादी और विक्की साथ हैं। लेकिन मनीषा रानी ने अपने डांस स्टेप से सभी को पीछे छोड़ा हुआ है। विक्की भी मनीषा के साथ डांस करते हुए नजर आए। सोशल मीडिया पर इस ग्रैंड बर्थडे पार्टी की तस्वीरें और वीडियोज वायरल हो रहे हैं। इस पार्टी की कई और तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें शालीन भनोट, निया शर्मा, ईशा मालवीय, अशिता धवन जैसे एक्टर्स नजर आ रहे हैं। विक्की और अंकिता ने ये पार्टी मुंबई से दूर लोनावला में रखी थी। आशिता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पार्टी के कई वीडियो शेयर किए हैं जिसमें सेलेब्रिटीज का काफिला लोकेशन पर पहुंचता देखा जा सकता है।

## पिछले साल ही शादी करने वाली थीं हिना खान

### अब बताई अचानक सेरेमनी करने की वजह



**टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने हाल में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जैसवाल से शादी की है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर शादी की सेरेमनी की कई तस्वीरें शेयर की थीं। इसी दौरान ये खबरें भी सामने आई कि उन्होंने टीवी शो 'पति-पत्नी और पंगा' का हिस्सा बनने के लिए शादी की थी। लेकिन अब एक्ट्रेस ने अपनी शादी से जुड़े सवालों पर जवाब दे दिए हैं। एक्ट्रेस ने साफ का दिया है कि उन्हें लोग क्या बोल रहे हैं इससे फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने बताया कि वो पिछले साल ही शादी करने वाली थीं लेकिन कैंसर होने के बाद उनकी प्राथमिकता बदल गई।**

हिना ने बताया कि उन्होंने और रॉकी ने शो के लिए शादी नहीं की है। दोनों पिछले साल ही शादी करने वाले थे लेकिन कैंसर की वजह से हो नहीं पाई। एक्ट्रेस ने कहा जब मेकर्स ने उन्हें शो ऑफर किया तो उन्होंने सवाल किया था कि उनकी शादी नहीं हुई है और आपके शो का नाम 'पति पत्नी और पंगा है' तब मेकर्स ने कपल से कहा था कि अगर वो शो पर सगाई कर लेते हैं तो भी वो इस शो का हिस्सा बने रह सकते हैं। हिना ने कहा कि शादी का फैसला अचानक लिया गया था। इसका शो से कोई कनेक्शन नहीं। हालांकि, उनके इस फैसले से मेकर्स बहुत खुश हुए थे। बता दें, हिना और रॉकी ने 13 साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद इस साल जून में शादी कर सभी को हैरान कर दिया था। हिना के लिए पिछला वक्त मुश्किलों भरा रहा है। एक्ट्रेस को स्टेज 3 का ब्रैस्ट कैंसर हुआ था जिसकी लंबी चली सर्जरी और कीमोथेरेपी के बाद एक्ट्रेस पहले से बेहतर हैं और पति पत्नी और पंगा नाम के शो में नजर आने वाली हैं।



## इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद के बाद रणवीर ने ब्रेकअप पर तोड़ी चुप्पी

### बोले- मैं बस एक पत्नी चाहता था और...

रणवीर अल्लाहबादिया इस साल काफी विवाद में रहे जब इंडियाज गॉट लेटेंट में उनका एक स्टेटमेंट काफी वायरल हुआ। रणवीर को काफी ट्रोल किया गया और उनके यूट्यूब चैनल को बैन करने की भी मांग उठी थी। हालांकि सोशल मीडिया पर माफी मांगने के बाद उनके वीडियोज वापस शुरू हो गए हैं। अब उनके शो में तारा सुतारिया गेस्ट बनकर आईं और इस दौरान रणवीर ने अपनी पर्सनल लाइफ पर भी खुलकर बात की। रणवीर के स्टेटमेंट से यह भी लग रहा है कि उनका अब ब्रेकअप हो गया है। रणवीर ने कहा, 'मुझे लगता है मैं प्यार के पीछे काफी भागा हूं...मुझे लगता है कि अगर किसी के मन में लाइफ में गहरा रोमांस पाने की गहरी इच्छा है, उन्हें वो मिल जाता है। ये इच्छा अब भी मेरे में है, लेकिन इसने मुझे अंदर तक काफी जलाया है। मैं तो बस एक पत्नी चाहता था, लेकिन कुछ चीजें बदल जाती हैं जब आप 30 साल के होते हैं, लेकिन ये मेरे हाथ में नहीं।' रणवीर ने आगे कहा कि उन्होंने अपनी पत्नी की चाह की इच्छा को दफन कर दिया है और उन्होंने अपना दर्द भी छिपाया हुआ है जो काफी दिल टूटने से हुआ है। लेकिन वह यह भी नहीं चाहते कि उनकी फ्यूचर पार्टनर उनके इस दर्द को ठीक करे क्योंकि यह अनफेयर होगा।

## 'गुड न्यूज जल्दी देंगे'

### परिणीति-राघव कर रहे फैमिली प्लानिंग?

**कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो पर इस हफ्ते राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा बतौर मेहमान नजर आए। बातचीत के दौरान ढेर सारी मस्ती हुई और बातों-बातों में परिणीति-राघव ने फैमिली प्लानिंग को लेकर भी हिंट दे दिया। बातचीत के दौरान कपिल शर्मा ने बताया कि कैसे उनकी मां कॉमेडियन की शादी के बाद सीधे 'ग्रांडकिड्स मोड' में आ गई थीं और शादी के बाद उन्होंने कपिल शर्मा और गिन्नी चैत्रथ को जल्दी बच्चा प्लान करने की सलाह दे डाली थी। कपिल शर्मा ने बताया कि उनकी मां ने कहा था कि या तो जल्दी फैमिली प्लानिंग करें वरना प्रेशर कुकर जैसे दबाव के लिए तैयार रहें। बातचीत के दौरान राघव चड्ढा ने अचानक धमाका करते हुए कहा, देंगे आपको देंगे... गुड न्यूज जल्दी देंगे।**

राघव चड्ढा के बयान के बाद परिणीति चोपड़ा का रिएक्शन काफी मिला जुला सा था। एक्ट्रेस एक तरफ जहां शॉक में थीं, वहीं दूसरी तरफ वह किसी तरह अपनी हंसी रोकने की कोशिश करती दिखाई पड़ीं। फिर कपिल शर्मा ने इस टॉपिक को थोड़ा और खींचने की कोशिश की। कपिल शर्मा ने हैरानी के साथ पूछा, ₹गुड न्यूज आ रही है क्या? हम लड्डू बांटने लग जाएं क्या?₹ इस पर परिणीति चोपड़ा के पति राघव चड्ढा ने मामला संभालते हुए कहा, ₹देंगे.. सही वक्त पर..।₹ बता दें कि परिणीति चोपड़ा ने एक वक्त पर बयान दिया था कि वह कभी किसी राजनेता से शादी नहीं करेंगी, लेकिन फिर उन्हें राघव चड्ढा पसंद आ गई और उन्होंने उनसे शादी कर ली। इस बात को लेकर कपिल शर्मा शो पर उनकी टांग खींची गई, लेकिन साथ ही राघव ने मजाकिया लहजे में कहा कि कैसे वह अब रोज सुबह परिणीति से कहते हैं कि वो बोला करें कि राघव कभी प्रधानमंत्री नहीं बनेगा।

## दो दोस्तों की कहानी वेब फिल्म 'वहम'




हाल में ही हंगामा ओटीटी पर रिलीज़ हुई वेब फिल्म वहम इन दिनों फिल्म दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है, जिसकी वजह फिल्म की कहानी है। जो आर्गान एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म की कहानी सस्पेंस और हॉरर पृष्ठभूमि की है। पूरी कहानी २ दोंस्तों के इर्द गिर्द ही घूमती है जिसमें एक को मौत का वहम घरे रहता है दूसरी को मजाक करने की आदत होती है कहानी का मकसद दिखता है कैसे मजाक और वहम दोनों दोस्तों को ऐसे राह पर लाकर खड़ा कर देता हैं जहाँ से अपने आप को बचा पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। वहम फिल्म की कहानी और विभा तिवारी , तेजस्वनी सिंह की अदाकारी फिल्म को थ्रिल से बाँध देती है फिल्म का निर्देशन स्वदेश के मिश्रा ने किया है जिहोंने पहले भी डरपोक, फाँस, मनमानी, हरकतें, हमराह, चतुर्नाथ, ढूढ़ थे मिस्टीरियस सर्च का निर्देशन कर चुके हैं। एक्सक्यूटिव प्रोड्यूसर कृष्णा गुप्ता , पोडक्शन हेड अजय सींग मॉल, अस्सिटेंट डायरेक्टर धीरज सींग राजपूत है।

# सावन में शिवभक्ति का उल्लास, गरियाबंद में दिखा अनुपम नजारा

## श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति ने बांटी श्रद्धालुओं को प्रसादी, हर-हर महादेव से गूंजा वातावरण





गरियाबंद (गंगा प्रकाश)। सावन का पावन महीना शुरू होते ही शिवभक्ति का ज्वार पूरे देश में उमड़ पड़ा है और गरियाबंद जिला भी इससे अछूता नहीं रहा। रविवार को जिला मुख्यालय के पुराने फॉरेस्ट नाका स्थित काली मंदिर परिसर में ऐसा ही एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति द्वारा विशाल प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में भगवान शिव के हजारों भक्तों को श्रद्धा और सेवा भाव से पोहा, चना और शुद्ध पेयजल वितरित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती मंजरी गुप्ता ने जानकारी दी कि यह सेवा लगातार तीसरे वर्ष आयोजित की जा रही है और अब यह आयोजन गरियाबंद की धार्मिक परंपरा बन चुका है।

**भक्ति का महासागर उमड़ा बाबा भूतेश्वर नाथ धाम में**– गौरतलब है कि गरियाबंद से करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित बाबा भूतेश्वर नाथ धाम में सावन माह में विशेष धार्मिक उत्सव का वातावरण रहता है। विशेषकर कांवर यात्रा के दौरान, दूर-दराज से श्रद्धालु गंगाजल लेकर बाबा को अर्पित करने पहुंचते हैं। इस दौरान बोल बम, हर हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा।

**सावन में सेवा से प्रसन्न होते हैं शिव**– हिंदू मान्यताओं के अनुसार, सावन भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस महीने के हर सोमवार को रुद्राभिषेक, विशेष पूजन और जलार्पण का विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि शिवभक्तों की सेवा करने से भगवान शिव प्रसन्न होकर कृपा बरसाते हैं और पुण्य का लाभ देते हैं।

**सेवा में समर्पित रही महिला समिति**– इसी भावना को आत्मसात करते हुए श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति की सदस्याओं ने तन-मन-धन से सेवा में सहभागिता निभाई। प्रसादी वितरण से लेकर जलपान व्यवस्था तक, हर स्तर पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रद्धालुओं को सेवा का सच्चा अनुभव कराया।

**इन सेवाभावी महिलाओं ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका:**– श्रीमती मंजरी गुप्ता, हेमलता सिन्हा, कुसुमलता सिन्हा, विमला साहू, शशिप्रभा सिन्हा, अभिलाषा उपाध्याय, सुमन बद्रीप्रसाद देवांगन, चित्ररेखा वर्मा, श्यामबती साहू, अनुराधा निर्मलकर, लोकेश्वरी पाल, सुमन नारायण देवांगन, पुष्पा यादव, मंजू दुबे, नेहा यादव, दीपा साहू, वंदिता यादव, रेखा सिन्हा यादव दाई सहित अनेक महिलाओं ने पूरे आयोजन को भव्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**श्रद्धालुओं से मिली सराहना**– कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने समिति की सेवा भावना की सराहना की और इस धार्मिक कार्य को हर वर्ष इसी श्रद्धा के साथ जारी रखने की कामना की। आयोजकों को आशीर्वाद देते हुए भक्तों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक ऊर्जा और सेवा संस्कार को जीवंत करते हैं।

सावन का यह अध्यात्मिक रंग और सेवा भाव गरियाबंद जैसे जिले में आस्था की नई मिसाल बनकर उभरा है। हर हर महादेव की गूंज और भक्ति रस में डूबे यह आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और समाज सेवा की त्रिवेणी जैसा प्रतीत हुआ।

# शासकीय हाई स्कूल गिरसूल में मेगा पालक शिक्षक बैठक : 100 पालकों की उपस्थिति में हुआ आयोजन, 12 बिंदुओं पर हुई चर्चा



**देवभोग (गंगा प्रकाश)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के ग्राम गिरसूल में 100 पालकों की उपस्थिति में मेगा पालक शिक्षक की बैठक शासकीय हाई स्कूल गिरसूल में सम्पन्न हुई। बैठक के पहले सबसे पहले मां शारदा का पूजन- अर्चन और वंदना गीत के साथ प्रारंभ हुआ।

प्राचार्य तिलक सोरी के द्वारा मेगा पालक बैठक में योजना, उद्देश्य और लाभ के बारे में बताया गया। इसके बाद जय कुमार साहू ने महत्वपूर्ण बिन्दु पर चर्चा की। जिसमें मेरा कोना,छात्र दिनचर्या, बच्चें ने आज क्या सीखा,बच्चा बोलेगा बेझिझक,बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा साथ ही साथ विद्यालय की उपल्बधि के बारे में विस्तार पालकों के बीच में चर्चा की। खीरधर सोनवानी शिक्षक ने पुस्तक की उपलब्धता,बस्ता रहित शनिवार,कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण,जाति,आय निवासी के संबंध में पालको को विस्तृत रूप जानकारी प्रदान की गई।

## गिरसूल के सरपंच जितेंद्र कुमार मांझी ने बच्चों को बताया शिक्षा का महत्व

मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार मांझी(सरपंच)ने शिक्षा के महत्व को समझाते हुए सभी शिक्षक के साथ- साथ पालकों को प्रोत्साहित किया। संस्था के प्राचार्य तिलक सोरी को बहुत- बहुत बधाई दी। बेहतरीन रिजल्ट के लिए तथा कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था स्वयं के व्यय से स्वयं सेवक शिक्षक रखकर उसे स्तर तक लाने के लिए प्रयास की सराहना की गई। तत्पश्चात् जय कुमार साहू प्रधान पाठक के द्वारा समस्त अतिथियों और पालकों के लिए शानदार उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समापन की घोषणा की गई।

## ये वरिष्ठ रहे उपस्थित

इस मौके पर मुख्य अतिथि सरपंच जितेंद्र कुमार मांझी,हाई स्कूल प्राचार्य तिलकसोरी,पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक जयकुमार साहू,प्राथमिक शाला प्रधान पाठक रोशन लाल कश्यप,उपसरपंच श्रीमती जूली कश्यप,प्राथमिक शाला विकास समिति अध्यक्ष अहिल्या मरकाम,पूर्व माध्यमिक शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती केतकीलता सेन,शाला विकास समिति सदस्य पदुलोचन सिंह मरकाम,योगेन्द्र सोरी, पुष्पेन्द्र सिंह मांझी,तोषन यादव,बलदेव कश्यप,वेदव्यास कश्यप,हिरा चक्रधारी श्रीमती बबीता सेन,श्रीमती जोगनी बघेल शिक्षक खीरधर सोनवानी शिक्षक,इंद्र कुमार निषाद शिक्षक,मैडम एवं समस्त ग्रामवासी की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। शाला के विद्यार्थि के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन वंदन करवाया गया।इस कार्यक्रम के लिए एक दिन पहले आमंत्रण पत्र दिये थे। सचमुच मेगा पालक शिक्षक बैठक की सपना साकार हो गई ।सभी शिक्षक पालक की गरिमामयी उपस्थिति हुई ।

# सावन की रात भूतेश्वरनाथ में दिखा अलौकिक नज़ारा: लेजर लाइट शो में उभरीं शिव की गाथाएं, भक्ति में डूबे हजारों श्रद्धालु









## भोजन, सेवा और आस्था का संगम बनी श्री भूतेश्वर युवा भंडारा समिति की अनोखी पहल

**गरियाबंद (गंगा प्रकाश)।** सावन का पावन महीना और बोल बम की गूंज — जब पूरा वातावरण भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर हो, तब गरियाबंद स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री भूतेश्वरनाथ महादेव मंदिर में आस्था ने ऐसा दिव्य रूप धारण कर लिया, जिसने श्रद्धालुओं के मन-मस्तिष्क को झंकृत कर दिया। रविवार रात आयोजित लेजर लाइट एंड डीजे साउंड शो ने आध्यात्मिकता और तकनीक के अद्वितीय संगम से एक ऐसा अनुभव रचा, जो लंबे समय तक यादों में जीवित रहेगा। आयोजन की पूरी व्यवस्था श्री भूतेश्वर युवा भंडारा समिति द्वारा की गई, जिसने हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्ति और सेवा का नया प्रतिमान रचा।

**जब लाइटिंग बनी भक्ति का माध्यम ङ्क शिव की गाथाएं उतरीं आकाश से ज़मीन पर**– जैसे ही रात का अंधकार गहराया, मंदिर परिसर में रोशनी की बारिश सी होने लगी। रंग-बिरंगी लेजर लाइट्स जब शिवलिंग पर पड़ीं, तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं कैलाश पर्वत धरती पर उतर आया हो।

शो में शिव तांडव, पार्वती विवाह, रामभक्ति, हनुमान लीला, देवी दर्शन, यहां तक कि देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य दृश्य दर्शाए गए। हर दृश्य ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो तकनीक स्वयं श्रद्धा बनकर बोल रही हो। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई इस अनोखे दृश्य से मंत्रमुग्ध हो उठा।

**डीजे पर गूंजे शिव भजन, थिरके भक्त ङ्क बना भक्ति का उत्सव**– लेजर शो के साथ डीजे साउंड पर गूंजते शिव भजनों ने वातावरण में भक्ति की ऐसी तरंगें उत्पन्न कीं, जिसने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

भोले के दीवाने, हर हर शंभू, जय शिव शंकर जैसे भजनों पर हजारों की भीड़ झूमती रही। यह कोई साधारण संगीत नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा थी, जहाँ शरीर थिरक रहा था और आत्मा शिव में लीन थी।

**भंडारा सेवा: समर्पण, श्रम और श्रद्धा का अनूठा संगम**– श्री भूतेश्वर युवा भंडारा समिति केवल आयोजनकर्ता नहीं, एक सेवा-संस्कृति की वाहक है। समिति के अध्यक्ष दीप सिन्हा ने बताया कि यह पहल वर्षों पहले कुछ युवाओं की सामूहिक आस्था से शुरू हुई थी। आज यह एक विशाल सेवा परिवार बन चुका है। हर रविवार को समिति के सदस्य स्वयं भोजन बनाते हैं — पुलाव, चना-सब्ज़ी और हलवा — और प्रेमपूर्वक 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में वितरित करते हैं।

यह भोजन केवल भूख नहीं मिटाता, बल्कि श्रद्धा, अपनत्व और सेवा का स्वाद भी देता है।

**चिकित्सा सेवा: कांवड़ियों के लिए बनी जीवनरेखा**– इस वर्ष समिति ने सेवा को और विस्तार देते हुए प्राथमिक चिकित्सा किट, दवाइयों और आवश्यक सामग्रियों की भी विशेष व्यवस्था की। सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर आने वाले कांवड़ियों के लिए यह सेवा किसी वरदान से कम नहीं थी। पैर के छाले हों या थकान से जुड़ी परेशानियाँ ङ्क समिति के सेवाभावी युवाओं ने तत्परता से राहत पहुँचाई।

**भक्ति का अर्थ ङ्क केवल पूजा नहीं, सेवा में समर्पण है शिव की सच्ची आराधना**– यह आयोजन यह स्पष्ट संदेश देता है कि भक्ति केवल आरती या मंत्रों में नहीं — वह उस रसोई में भी है जहाँ श्रद्धा से भोजन बनता है, उस हाथ में भी है जो कंधा पकड़कर थके कांवड़ियों को सहारा देता है, और उन नेत्रों में भी है जो शिव महिमा पर अश्रुपूरित हो जाते हैं।

**संपूर्ण आयोजन में इन युवाओं का उल्लेखनीय योगदान**– इस अनुपम आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष दीप सिन्हा के साथ अजय सिन्हा, पंकज सिन्हा, रिकी गुप्ता, प्रकाश सोनी, अनुराग केला, विक्की सिन्हा, भानु राजपूत, प्रेमचंद देवांगन, तरुण यादव, भावेश सिन्हा, युगल शर्मा, रोहन सिन्हा, प्राँजल ठाकुर, गौरव पटेल, लव पांडे, कुश पांडे, अमित बखारिया, विकास साहू, सुलभ यादव, जितेंद्र यादव, सुनील यादव, क्षितिज गुप्ता, आदित्य यादव, आशु राजपूत, आशु कंसारी सहित अनेक युवाओं का श्रम, सेवा और समर्पण सराहनीय रहा।

जहाँ आस्था है, वहाँ उजाला है ङ्क और भूतेश्वरनाथ में ये उजाला लेजर लाइट से नहीं, श्रद्धा के प्रकाश से फैला

इस रात ने सावन के हर भक्त को यह याद दिला दिया कि आधुनिक तकनीक भी जब श्रद्धा से जुड़ती है, तो चमत्कार करती है। श्री भूतेश्वर युवा भंडारा समिति की यह पहल न केवल एक आध्यात्मिक कार्यक्रम थी, बल्कि यह एक आंदोलन है ङ्क सेवा, भक्ति और सामूहिक सहभागिता का।

हर हर महादेव! की गूंज के साथ यह रात एक अमिट याद बन गई ङ्क आस्था के इतिहास में दर्ज होने के योग्य।

गंगा प्रकाश
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आवश्यकता है

छत्तीसगढ़ में तेजी से बढता हुआ अखबार ...गंगा प्रकाश को छत्तीसगढ़ के समस्त जिला एवं ब्लाक में विज्ञापन एवं समाचार संकलन हेतु विज्ञापन संकलनकर्ता एवं रिपोर्टरो की आवश्यकता है।

पत्रकारिता के क्षेत्रमें इच्छुक व्यक्ति जल्द संपर्क करें।

संपर्क सूत्र :- 8878098815 9770269285

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक प्रकाश कुमार यादव द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तंभ चौक रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व मकान नंबर-451, वार्ड नंबर-12, झुलेलाल पारा, छुरा (नगर पंचायत), जिला-गरियाबंद (छ.ग.)-493996 से प्रकाशित। *संपादक प्रकाश कुमार यादव मो. 9589154969, प्रबंध संपादक रज्जू बंजारे मो.- 9770269285 (* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र गरियाबंद होगा।